● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 04, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार , 31 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ

आप प्रमुख पर राहुल गांधी का सीधा वार 5

भारतीय टीम को रहना होगा अलर्ट 6

भारत और जापान के आत्मीय संबंधों की डोर अटूट है : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ओसाका में उद्योग प्रतिनिधियों के साथ इंटरेक्टिव सत्र में हुए शामिल

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जापान और भारत में अनेक समानताएं हैं। भारत और जापान के बीच संबंध केवल राजनायिक या आर्थिक नहीं है बल्कि यह आत्मीयता, सांस्कृतिक साझेदारी और आपसी सम्मान पर आधारित एक गहरी मित्रता है। दोनों देशों के रिश्ते सदियों पूराने है जो बौद्ध धर्मा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी सहयोग से सशक्त हुए है। यहाँ की सूर्यनारायण संस्कृति हो या गौतम बुद्ध के बताये मार्ग, दोनों ही देशों में समान रूप से दिखाई देते हैं। इन दोनों देशों की आत्मीयता देखकर यह भी कहा जा सकता है कि जैसे भारत और जापान दो बिछड़े भाई हों। जापान जीवन के प्रति आस्था का प्रतीक भी है। यहाँ के नागरिकों से काम की गुणवत्ता, कर्त्तव्यनिष्ठा और कर्मशीलता के साथ ही जीवन को आनंद के साथ जीने की सीख मिलती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव

जापान यात्रा के तीसरे दिन गुरुवार को ओसाका में उद्योगपतियों और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ इंटरैक्टिव सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ऊर्जा सरप्लस, प्रचुर खनिज संसाधन, स्वच्छतम् राज्य और देश के दूसरे बड़े शहरों से आवागमन के साधनों से अच्छी तरह कनेक्टेड है, साथ ही राज्य में उद्योग-मित्र नीतियां लागू की गई हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश आज डबल-डिजिट की विकास दर से आगे बढ़ रहा है। इसलिए, जापान की आधुनिकतम तकनीकों से संपन्न उद्योगों के लिए मध्यप्रदेश में निवेश के लिए अच्छे अवसर हैं। मुख्यमंत्री ने ओसाका के उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। अगर उद्योगपति बड़ा मन लेकर आते हैं तो हम उनके सपनों को पंख देने के लिये तत्पर हैं। उन्होंने सभी निवेशकों को भोपाल में 24-25 फरवरी को आयोजित होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गीत 'अपने लिये जिये तो क्या जिये....' को उद्धृत करते हुए कहा कि उद्योगपित मात्र अपने व्यापारिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि सैकड़ों लोगों के जीविकोपार्जन में सहयोग कर लोगों की समस्याओं का समाधान करते हैं। उन्होंने कहा कि जापान और भारत के जीवन मूल्य एक जैसे ही हैं। हमारे यहां श्रमिकों के कल्याण की भावना के साथ उद्यमिता होती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निवेश और निवेशकों के साथ हम कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। हम आपके सपनों को उड़ान देने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जापान हर संकट और हर दौर में हमारे साथ खड़ा रहा है। इसलिए हमारे देश एवं प्रदेश में जिन जापानी उद्योग समूहों ने निवेश किया वह हमारे निकट मित्र बन कर आज भी हमारे साथ हैं। हम अपनी 25 से अधिक नीतियों के साथ निवेशकों को लाभ देने के लिए जापान के सभी उद्योग समूहों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों को आश्वस्त किया कि हम निवेश के इच्छुक उद्यमियों के लिए और भी आकर्षक नीतियां लागू कर सकते हैं, यहां तक कि उनकी निवेश लागत का 200 प्रतिशत तक वापस करने के लिए भी तैयार हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओसाका के उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश करने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में फूड, आईटी, स्पाइस, प्लास्टिक, मेडिकल विपमेंट, डिवाइस, सोलर इक्विपमेंट, फुटवियर, ईवी, फार्मा, टेक्स्टाइल सहित 300 से अधिक प्रकार के पार्क्स और गार्मेंट इकाइयों के लिए प्लग-एंड-प्ले जोन एवं सेमीकंडक्टर पार्क स्थापित किये गए हैं।

आप का मतलब झूठ, फरेब और धोखा : शाह

दिल्ली में गरजे अमित शाह, बोले- इस काम में नंबर 1 हैं केजरीवाल

नई दिल्ली। विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में रोड शो, राजनीतिक रैलियों और जनसभा कर भाजपा धुंआधार प्रचार कर रही है। प्रधानमंत्री से लेकर पूरी केंद्रीय कैबिनेट के मंत्री दिल्ली की सड़कों पर रोड शो कर वोट की अपील कर रहे हैं। इस कड़ी में केंद्र गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रोहिणी से भाजपा विधानसभा प्रत्याशी विजेंदर गुप्ता के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। गृह मंत्री ने अपने संबोधन में अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केजरीवाल हार देखकर बौखला गए हैं। केजरीवाल झूठ बोलने और बहाने बनाने में नंबर वन हैं।

मैं केजरीवाल से कहना चाहता हूं कि चुनाव जीतने के लिए झूठ बोलना बंद करो। ये कहते हैं कि भाजपा वालों ने दिल्ली वालों को परेशान करने के लिए हरियाणा से यमुना जी के जल में जहर मिलाया है। अरे, केजरीवाल जी

कौनसा जहर मिलाया है, कौनसी लेबोरेटरी में आपने टेस्ट कराया है, उसका नाम बताइए। आप कह रहे हैं कि जहर मिलाया हुआ पानी आपने रोक दिया। अरे, यमुना का पानी रुकता है तो गांवों में बाढ़ आती है। लेकिन, आप बताइए दिल्ली के किसी गांव में बाढ़ आई है क्या? दिल्ली में हजारों करोड़ रुपये का घोटाला हुआ। 5 तारीख को दिल्ली की जनता के सामने आप को हटाकर मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने का मौका है।

अमित शाह ने आगे कहा कि दिल्ली की जनता को कमल के निशान पर बटन दबाना है और भाजपा सरकार बनानी है। बटन इतने जोर से दबाना है कि केजरीवाल के शीश महल के शीशे टूट जाएं। हमारी सरकार बनी तो दिल्ली सुंदर बनेगी, कूड़े के पहाड़ खत्म हो जाएंगे, दिल्ली को भ्रष्टाचार से मुक्त करेंगे, सड़कों और गलियों की शानदार सफाई भी करेंगे और साथ में जल प्रबंधन भी हम करेंगे।

गृह मंत्री ने हमला बोलते हुए कहा कि केजरीवाल, चुनाव में अपनी हार को जान गए हैं, इसलिए इतनी हल्की राजनीति कर रहे हैं। केजरीवाल जी आपने यमुना को प्रदूषित करके, प्रदूषित पानी पीने के लिए दिल्ली को मजबूर किया है और आपने पानी के शुद्धिकरण, सड़कों की सफाई और जल बोर्ड के स्वच्छ पानी देने के सारे पैसे आप के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिए हैं।

इन्होंने कहा था कि हम रिहायशी इलाकों से शराब की दुकान बंद करेंगे। केजरीवाल जी, रिहायशी इलाके तो छोड़िए आपने तो स्कूल और मंदिरों के पास भी शराब की दुकानें खोलने का काम किया।

मुख्य चुनाव आयुक्त पर ही बरसे केजरीवाल

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल ने यमुना जल विवाद को लेकर गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार पर बड़ा हमला बोला। केजरीवाल ने कहा कि चुनाव आयोग राजनीति कर रहा है। राजीव कुमार को रिटायरमेंट पोस्ट चाहिए। इतिहास में कभी इलेक्शन कमिशन का कबाड़ा नहीं हुआ। मुझे पता है कि ये जेल में डाल देंगे। राजीव कुमार राजनीति कर रहे हैं। उन्हें राजनीति करनी है, तो चुनाव लड़ लें।

प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा से दिल्ली में पीने का पानी यमुना के जरिए आता है। ये कच्चा पानी

होता है। इसे ट्रीट करते हैं। पिछले कुछ दिनों से जहरीला पानी आता है। इसमें अमोनिया 7 पीपीएम तक पहुंच गया, जो सेहत के लिए खतरनाक है। ये कई ऑर्गन को डैमेज कर सकता है। इससे मौत भी हो सकती है। ये मुद्दा कुछ दिन पहले उठाया। हम बेबस थे।

उन्होंने आगे कहा, पहले भी अमोनिया बढ़ने लगा। आतिशी ने नायब सैनी को फोन किया। उनसे अनुरोध किया कि अमोनिया का लेवल बढ़ रहा है, इसे कम करवाइए। ये जान को जोखिम पहुंचा सकता है। यदि अमोनिया लेवल 1 पीपीएम से ज्यादा हो जाए, तो वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद करना पड़ता है। नायब सैनी 3 बार फोन पर आए, कुछ करने को कहा. फिर आतिशी का फोन अटैंड करना बंद कर दिया। जब अमोनिया लेवल 7 पीपीएम तक आ गया, तब आतिशी ने इजहार किया कि दिल्ली में यमुना के जरिए जहर (हाई अमोनिया) भेजा जा रहा है। यदि डॉब्ल्यूटीपी में पानी चला गया, तो खतरनाक हो सकता है। यदि अमोनिया के पानी में क्लोरेजन हो जाए, तो इससे डेडली कुछ नहीं।

महाकुंभ में फिर लगी आग, कई पंडाल चपेट में आए

प्रयागराज। महाकुंभ के सेक्टर 22 छतनाग झूंसी में बने टेंट सिटी में बृहस्पतिवार को आग लग गई। आग लगने नके कारणों का पता नहीं चल सका है। जब तक लोग कुछ समझ पाते आगे ने विकराल रूप धारण कर लिया। टेंट सिटी के दर्जन भर से अधिक टेंट जलकर राख हो गए। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। सूचना पाकर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इसी तरह नैनी में अरैल स्थित मेला क्षेत्र के सेक्टर नंबर 25 में डोम सिटी में भी बृहस्पतिवार को दिन में साढ़े चार बजे के करीब आग लग गई।

क्रॉस वोटिंग से बीजेपी की हरप्रीत बबला बनीं मेयर

चंडीगढ़। चंडीगढ़ को नया मेयर मिल गया है। 16 पार्षदों वाली भाजपा की हरप्रीत कौर बबला 19 वोट लेकर जीत गई हैं। वहीं आप और कांग्रेस गठबंधन की प्रेमलता को 17 ही वोट मिले। तीन वोट क्रॉस हुए हैं। यह तीनों वोट कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पार्षदों के हैं।

डिप्टी मेयर के पद पर भी कांग्रेस की तरुणा मेहता ने जीत दर्ज की है। उन्हें 19 वोट मिले हैं, जबकि भाजपा के लखबीर सिंह बिल्लू को 17 वोट मिले हैं। फिर से आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के एक पार्षद ने वोट क्रॉस किया है। वहीं कांग्रेस के जसबीर बंटी सीनियर डिप्टी मेयर

चुन लिए गए हैं। इसमें भी एक वोट क्रॉस हुआ है लेकिन कांग्रेस के उम्मीदवार ने जीत दर्ज कर ली है।

सुबह 11 बजे मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। सचिव गुरिंदर सिंह सोढ़ी की तरफ से चुनाव के नियम व शर्तों के बारे में बताया गया। बैलेट पेपर पर मतदान देने के तरीके के बारे में भी पार्षदों को जानकारी दी गई। कांग्रेस ने कहा कि चुनाव पारदर्शी तरीके से होना चाहिए, क्योंकि पिछली बार जो हुआ वह हम सब ने देखा है। उन्होंने प्रीसाइडिंग अधिकारी को कहा कि पहले वह अपना एक पेन तय कर ले, उसी से सारे काम करें क्योंकि पिछली बार बहुत गड़बड़ हुई थी।

इसके बाद वोटिंग शुरू हुई। सबसे पहले सांसद मनीष तिवारी ने वोट डाला।

इससे पहले कांग्रेस से हाल ही में भाजपा में शामिल हुईं पार्षद गुरबख्श रावत जब वोट देने पहुंची तो उन्होंने घड़ी बांधी थी। इस पर आम आदमी पार्टी के पार्षद योगेश ढींगरा ने सवाल उठाया। कहा कि जब सबसे घड़ियां बाहर उतरवा ली गई हैं तो इन्होंने क्यों बांधी है। रावत ने कहा कि एनालॉग घड़ी है।

केजरीवाल के घर के बाहर फेंका कूड़ा, दिल्ली पुलिस की हिरासत में स्वाति मालीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली चुनाव के बीच अब कचरे को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। स्वाति मालीवाल आज पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान कूड़ा फेंकने पहुंचीं। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा कि आज पूरा शहर कूड़ेदान में बदल गया है। मैं यहां अरविंद केजरीवाल से बात करने आई हूं। मैं उनसे कहना चाहती हूं कि सुधर जाओ वरना जनता सुधार देगी।

जेके सीमेंट प्लांट में बड़ा हादसा, पांच मजदूरों की मौत की आशंका

पन्ना। पन्ना में स्थित जेके सीमेंट प्लांट में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में निर्माणाधीन हिस्से में छत की स्लैब डाली जा रही थी, जहां सैकड़ों मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक भाड़ा (स्कैफोल्डिंग) गिर गया, जिसकी चपेट में आने से 5 मजदूरों की मौत होने की प्रारंभिक जानकारी सामने आ रही है, पर इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। जबकि करीब 50 मजदूर घायल हुए हैं। कंपनी के सूत्रों ने बताया कि राहत बचाव कार्य किया जा रहा है। मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस बल पहुंच गया। राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। एम्बुलेंस भी मौके पर हैं, वहीं गंभीर घायल हुए मजदूरों को कटनी रेफर कर दिया गया है। सुरक्षा को देखते हुए फैक्टरी के अंदर प्रवेश पूरी तरह से रोक दिया गया है। पुलिस और प्रशासन की टीमें मलबे में फंसे मजदूरों को निकालने में जुटी हुई हैं।

'ब्लैकहॉक' हेलीकॉप्टर से टकराया एयलाइंस का जेट

अग्निशमन ने 28 शव किए बरामद, हेलीकॉप्टर का मलबा भी मिला

अर्लिंग्टन। वाशिंगटन के पास रोनाल्ड रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय 60 यात्रियों और चार चालक दल के सदस्यों को ले जा रहे अमेरिकन एयरलाइंस के जेट के सेना के हेलीकॉप्टर से टकराने के बाद पोटोमैक नदी के बर्फीले पानी से कम से कम 28 शव निकाले गए। वहीं इस हादसे पर अमेरिकन एयरलाइंस के प्रमुख ने कहा कि हमें नहीं पता कि टक्कर से पहले सैन्य हेलीकॉप्टर यात्री जेट के रास्ते में क्यों आ गया। वहीं इस हादसे के बाद विमान में सवार अन्य हताहतों की तलाश जारी है, लेकिन अधिकारियों को नहीं लगता कि कोई और जीवित बचा है, जिससे यह लगभग 24 वर्षों में अमेरिका में सबसे घातक हवाई दुर्घटना बन जाएगी। मामले में अग्निशमन प्रमुख जॉन डोनेली ने कहा, हम अब उस बिंदु पर पहुंच गए हैं जहां हम बचाव अभियान से रिकवरी अभियान में बदल रहे हैं, हमें नहीं लगता कि कोई जीवित बचा है। विमान के हिस्से कमर तक गहरे पानी में तीन हिस्सों में उल्टा पड़ा मिला। हेलीकॉप्टर का मलबा भी मिला। बता दें कि, मामले में संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि टक्कर पूर्वी मानक समयानुसार (ईएसटी) रात लगभग नौ बजे उस समय हुई, जब कंसास के विचिटा से उड़ान भरने वाला एक क्षेत्रीय विमान हवाई अड्डे के रनवे पर पहुंचते समय एक सैन्य 'ब्लैकहॉक' हेलीकॉप्टर से टकरा गया। विमान के रेडियो ट्रांसपोंडर से मिले डेटा के मुताबिक, 'अमेरिकन एयरलाइंस' की उड़ान संख्या 5342 लगभग 400 फुट की ऊंचाई से करीब 140 मील प्रति घंटे की गति से हवाई अड्डे की ओर आ रही थी, तभी पोटोमैक नदी के ऊपर इसकी ऊंचाई तेजी से कम हो गई। विमान-हेलीकॉप्टर की टक्कर हुए हादसे को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सवाल किया कि हादसे के वक्त हेलीकॉप्टर चालक ने रास्ता क्यों नहीं बदला और कंट्रोल टावर ने क्यों हेलीकॉप्टर को विमान की स्थिति के बारे में जानकारी नहीं दी? मौसम भी साफ था और विमान की लाइटें भी जल रहीं थी फिर हेलीकॉप्टर ने अपना रास्ता क्यों नहीं बदला और ऊपर या नीचे क्यों नहीं हुआ? कंट्रोल टावर ने भी हेलीकॉप्टर को क्यों विमान के बारे में जानकारी नहीं दी।

मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ की जांच करने पहुंचे मुख्य सचिव और डीजीपी

प्रयागराज। मौनी अमावस्या पर संगम नोज पर हुई भगदड़ की जांच करने के लिए मुख्य सचिव मनोज कुमार और डीजीपी प्रशांत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे हैं। उनके साथ बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद है। दोनों अधिकारियों ने संगम तट पर पहुंचकर भगदड़ वाले स्थान का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों से घटना की जानकारी ली। मौनी अमावस्या पर अनियंत्रित भीड़ के दबाव से बैरिकेडिंग टूट जाने के बाद संगम नोज पर रात्रि एक से दो बजे के बीच भगदड़ मच गई। इसमें दम घुटने से 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और जबकि 60 लोग घायल हो गए। घायलों को इन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जिसमें 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। महाकुंभ स्नान पर्व पर भीड़ का दबाव बढ़ने पर बैरिकेंडिंग टूट गई थी। इसके बाद लोग तेजी से आगे बढ़ने लगे, इस दौरान ब्रह्म मुर्हुत पर स्नान करने के इंतजार में बैठे श्रद्धालुओं के ऊपर से भीड़ का रेला गुजर गया।

अवैध रूप से रह रहीं बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे शहर में अवैध रूप से रह रहीं बांग्लादेशी चार महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि अवैध प्रवासियों को किराए पर अपना मकान देने वाले मालिक की तलाश की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने मंगलवार शाम मनोरपाड़ा में स्थित नगर निकाय के पुनर्वास 'चॉल' पर छापा मारा। वहां एक कमरे में 38 से 50 साल की उम्र की चार बांग्लादेशी महिलाएं रह रही थीं। जांच के दौरान वे भारत में रहने के लिए कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सकीं।

देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं : सुको

नई दिल्ली। एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एक व्यक्ति और उसकी अलग रह रही पत्नी के बीच के विवाद में यह टिप्पणी की। दरअसल व्यक्ति के वकील ने अदालत में कहा कि महिला आईपीएस अधिकारी है और इस वजह से उसके मुवक्किल को हमेशा परेशानी झेलनी पड़ेगी।

इस पर जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। पीठ ने कहा कि दोनों पक्षों को आपस में बातचीत कर विवाद को खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए। पीठ ने कहा कि वह एक आईपीएस अधिकारी है और आप एक व्यवसायी हैं। ऐसे में अदालत में अपना समय बर्बाद करने से अच्छा है कि आप दोनों बैठकर इस विवाद को खत्म कर लें। अगर किसी को पीड़ित किया जाता है तो उसकी सुरक्षा के लिए हम हैं। व्यक्ति के वकील ने कहा कि उसके मुवक्किल और उसके पिता के खिलाफ आईपीएस अधिकारी महिला ने केस दर्ज कराया था, जिसके चलते दोनों को जेल हुई। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जून 2022 में अपने आदेश में व्यक्ति के माता-पिता के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को खत्म करने का निर्देश दिया था। उच्च न्यायालय के इस निर्देश के खिलाफ आईपीएस अधिकारी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की।

बजट सत्र से पहले सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

सरकार के विधायी एजेंडे के बारे में बताया

नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले गुरुवार को सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलाई। सत्र की शुरुआत शुक्रवार को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी और बजट एक फरवरी को पेश किया जाएगा। सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त होगा और दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू होगा। सत्र चार अप्रैल को समाप्त होगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक राजनीतिक दलों को सरकार के विधायी एजेंडे के बारे में बताने और सत्र के दौरान विपक्ष के मुद्दों पर जानकारी प्राप्त करने के लिए बुलाई जाती है। बैठक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा, कांग्रेस के गौरव गोगोई और जयराम रमेश, द्रविड़ मुनेत्र कषगम के टी. आर. बालू, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय और डेरेक ओ ब्रायन समेत कई नेताओं ने हिस्सा लिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू भी बैठक में शामिल हुए।

सरकार ने शुक्रवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र में चर्चा और पारित करने के लिए वक्फ (संशोधन) विधेयक के साथ ही तीन अन्य नए मसौदा कानूनों को सूचीबद्ध किया है। वक्फ पर संशोधन विधेयक की समीक्षा करने वाली संसद की संयुक्त समिति ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। इसके साथ ही पिछले साल लाए गए विधेयक पर संशोधन पेश करने का रास्ता साफ हो गया।

सरकार ने सत्र के लिए जिन तीन नए विधेयकों को भी सूचीबद्ध किया है, उनमें 'विमान वस्तुओं में हितों का संरक्षण विधेयक', 'त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक' और 'आव्रजन और विदेशी विधेयक' शामिल हैं। वित्त विधेयक, 2025 और संबंधित अनुदान मांगों और विनियोग विधेयकों को भी सत्र के लिए सरकार द्वारा सूचीबद्ध किया गया है। ऐसे 10 अन्य विधेयक भी हैं, जो पिछले सत्र से दोनों सदनों में लंबित हैं।

बजट सत्र में सभी मुद्दों को उठाएगा विपक्ष

इस बीच राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस'(इंडिया) संसद के बजट सत्र में सभी मुद्दों को उठाएगा। सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक से बाहर निकलते हुए तिवारी ने कथित महाकुंभ के कथित राजनीतिकरण की भी आलोचना की और कहा कि महाकुंभ के दौरान अतिविशिष्ट लोगों के लिए आवाजाही से आम आदमी के लिए मुश्किलें पैदा हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस धार्मिक आयोजन के सत्तारूढ़ भाजपा से जुड़े वीआईपी लोगों की सभा बनने के मुद्दे को उठाएगी। सत्र के दौरान बढ़ती बेरोजगारी और किसानों की दुर्दशा का मुद्दा भी उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'इंडिया' आम लोगों की समस्याओं को उजागर करने के लिए सत्र में सभी मुद्दों को एक साथ उठाएगा।

पुलिस के हिरासत में 23 लाख का कोयला चोर चालक

फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर करते थे कोयले की चोरी, दोनों कोल वाहनो को सतना व प्रयागराज से पुलिस ने पकड़ा

सिंगरौली। एनसीएल की खदानों से फर्जी नंबर प्लेट के आधार पर कोयले की चोरी कर ट्रांसपोर्टरों को चुना लगाने वाले 2 शातिर चालकों को मोरवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उनके द्वारा वाहनों में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर एवं फर्जी बिल्टी व अन्य दस्तावेज तैयार कर गंतव्य स्थान के लिए कोयला लोड किया जाता था परंतु उन्हें सुनियोजित तरीके से ईट भट्टों में खपा दिया जाता था। इधर प्रार्थियों की रिपोर्ट पर मोरवा पुलिस ने तफ्तीश शुरू की तो कोयला चोरी का बड़ा मामला सामने आया।

गौरतलब है कि विभिन्न मामलों में फरियादी चंद्रमौली मिश्रा जिनका पीहू एसोसिएट्स के नाम से कोल ट्रांसपोर्टेशन का कार्य चलता है। उन्होंने मोरवा थाने में तहरीर दर्ज कराई थी की आरजे 31जीबी 0344 एवं आरजे 32 सीजी 2093 में राहुल नामक व्यक्ति ने फोन कर दुधिचुआ से मुजफ्फरपुर स्थित सिद्धेश्वरी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के लिए कोयला लोड कराया गया था। जिसमें क्रमशः 40.21 एवं 36.13 मीट्रिक टन कुल 2 लाख 52 हजार का कोयला लोड कर दोनों वाहनों में 45 हजार का डीजल डालकर मुजफ्फरपुर के लिए रवाना किया गया। परंतु कोयला वहां पहुंचा ही नही। इसी तरह प्रार्थी मालवीय ट्रेडिंग कंपनी से पूनम चंद मालवीय ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की सीजी 04 एलव्ही 8292 के चालक कमलदीप ने निगाही खदान से बुधनी स्थित ट्राइडेंट लिमिटेड के लिए 41.650 मैट्रिक टन कुल 21 लाख 7 हजार 140 का कोयला लोड किया परंतु वह बुधनी नही पहुंचा। वही दोनों मामलों में कोयला चोरी के शक में मोरवा टीआई कपूर त्रिपाठी ने वरिष्ठ अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। इसके बाद एसपी मनीष खत्री के निर्देशन एवं एएसपी व अनुविभागीय अधिकारी कृष्ण कुमार पाण्डेय की सतत निगरानी में विभिन्न टीमों का गठन कर मामले की तफ्तीश शुरू की गई। एक मामले में जहां सहायक उनि संजीत सिंह ने जांच जारी रखी। तो वही दूसरे मामले में सहायक उनि संतोष सिंह ने विवेचना प्रारंभ की। पुलिस को मामले में कड़ी दर कड़ी जोड़ते हुए सुराग हाथ लगा। बताया जाता है कि शातिर चालक चोरो के द्वारा इसी तरह कोयले की चोरी कर ट्रान्सपोंटरों को चुना लगाते थे। जहा चोरी के कोयले को ईट भट्ठो पर खपाते थे। यहा तक कि नम्बर प्लेट बदलकर कोयले की चोरी करते थे। मोरवा पुलिस ने पता साजी में इन चालको के पास से कई नम्बर प्लेट भी पाया है। बताया गया कि लगभग 23 लाख रूपये की कोयला चोरी की जा रही थी। उक्त कार्रवाई में टीआई कपूर त्रिपाठी के साथ उनि भिपेंद्र पाठक, सहायक उनि संतोष सिंह, संजीत सिंह, प्रधान आरक्षक सुबोध, सुमत, अर्जुन आरक्षक, ऋषि सिंह, मंगलेश्वर, दशरथ, मनीष यादव एवं सर्वेश की सराहनीय भूमिका रही।

ईट भट्ठो पर बेचते थे कोयला

पुलिस ने कोयले से लदा एक वाहन को सतना के बेला से तो वही दूसरे को प्रयागराज से पकड़ा गया। इस मामले में पुलिस ने बताया कि गुरतेज पिता मलकीत सिंह उम्र 30 वर्ष एवं कमलदीप पिता सज्जन सिंह उम्र 28 वर्ष दोनों ही पंजाब के चालक हैं। इन्होंने इस प्रकार कुल 9 वाहनों के कोयले ईट भट्टों में बेचे है। इनके द्वारा फर्जी दस्तावेज एवं फर्जी नंबर प्लेट के आधार पर ट्रांस्पोर्टरों को चूना लगाया जाता रहा है। पुलिस के अनुसार दोनों ही मामलों में असली वाहन क्रमांक आरजे 07 जीडी 0757 एवं यूपी 21 सीएन 3993 का नम्बर प्लेट बदलकर ट्रांस्पोर्टरों को चूना लगाया गया है। फिलहाल मोरवा पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। वही जानकारी मिली है कि गोरबी पुलिस भी कोयला चोरी के ऐसे ही मामले में विवेचना कर रही है।

नगर की साफ - सफाई व्यवस्था चाक चौबंद रखे : आयुक्त

सिंगरौली। नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा सुबह-सुबह नगरीय क्षेत्र का भ्रमण कर साफ -सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित अधिकारियों को सफाई व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

निगमायुक्त ने एमआईजी कॉलोनी नवजीवन बिहार व्यावसायिक क्षेत्र शिवाजी कम्पलेक्स का निरीक्षण कर निर्देश दिये गये। व्यावासयिक क्षेत्रो सहित कॉलोनियों की साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर रहे इसकी निरंतर मानीटरिंग किया जाये। उन्होंने कहाकि कॉलोनियों में निवास करने वालो को जागरूक करें कि घरो से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबीन में रखे तथा निगम के कचरा संग्रहण वाहनो में ही कचरे को दे। इसके पश्चात निगमायुक्त के द्वारा शिवाजी कम्पलेक्स परिसर में स्थित पार्क का निरीक्षण किया गया एवं पार्क की मरम्मत कराने के साथ ही सौदर्यीकरण कराने के लिए संबंधित जोन के सहायक यंत्री को निर्देश दिये।

एनटीपीसी विंध्याचल ने आईएएस प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित किया शीतकालीन अध्ययन दौरा

सिंगरौली

एनटीपीसी विंध्याचल ने 2024 बैच के आईएएस प्रशिक्षुओं के लिए सफल दो दिवसीय शीतकालीन अध्ययन दौरे का आयोजन किया। इस दौरान प्रशिक्षुओं को पावर सेक्टर, संचालन में उत्कृष्टता और पर्यावरण के प्रति स्थिरता-आधारित पहलों पर गहरे अनुभव प्राप्त हुए। दौरे में स्टेज-3 और कंट्रोल रूम की यात्रा शामिल थी। जहां प्रशिक्षुओं ने पावर जनरेशन प्रक्रियाओं को करीब से समझा। राम सेवक जायसवाल, उप महाप्रबंधक ईईएमजी द्वारा स्टेशन के प्रदर्शन, प्रमुख उपलब्धियों और पर्यावरणीय पहलुओं पर एक महत्वपूर्ण प्रस्तुति दी। जिसमें खासतौर पर कार्बन-टू-मिथेनॉल प्रोजेक्ट को बताया गया। यह प्रोजेक्ट स्थायी ऊर्जा समाधान की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इस कार्यक्रम में 18 सदस्यीय आईएएस प्रशिक्षु समूह ने वरिष्ठ नेतृत्व टीम के साथ संवाद भी किया। जिसमें ई सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण प्रमुख रूप से शामिल थे। साथ ही कामना शर्मा, उप महाप्रबंधक एचआर ने स्टेशन की मानव संसाधन विकास, नेतृत्व प्रशिक्षण और सामुदायिक योगदान की पहल पर प्रकाश डाला, जिसमें बालिका सशक्तिकरण अभियान जेम 2024 का विशेष उल्लेख किया गया। आभार स्वरूप उन्होंने ई सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक विंध्याचल को एक स्मृति चिह्न भेंट किया। जो उनके नेतृत्व में ज्ञान और सहयोग के साझा प्रयासों को मान्यता देता है।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मायाराम महाविद्यालय ने 11 हजार का किया सहयोग

सिंगरौली। आज स्व. देव प्रसाद वैश्य मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता, सिंगरौली वॉर्ड क्रमांक 15 सरसवाह सेक्टर ए दुधीचुआ बतौर मुख्य अतिथि बद्री नारायण बैस चेयरमैन जिला वॉलीबॉल संघ सिंगरौली, डायरेक्टर मायाराम महाविद्यालय सिंगरौली ने पूजन कर के फीता काट कर प्रारंभ कराया गया। प्रतियोगिता का पहला मैच नवजीवन बिहार बनाम खड़िया के मध्य खेला गया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद आशीष वैश्य, जिला वॉलीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष अनिल वैश्य , समाजसेवी राम शुभग कुशवाहा, आयोजन समिति से रमन वैश्य, राजा खान, नलिन वैश्य, संजय कुमार, प्रेमसागर, जगत बहादुर, राजेश वैश्य सहित सभी खिलाड़िगण, रेफरी गण एवं स्थानीय वरिष्ठ जन दर्शक मौजूद रहे। प्रतियोगिता में मायाराम महाविद्यालय द्वारा 11 हजार का सहयोग किया गया।

शहीद दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम शहीदो को दी गई श्रद्धांजलि

सिंगरौली। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस के अवसर पर एसपी कार्यालय सहित जिले के समस्त पुलिस थाना ईकाइयों में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एसपी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एसपी मनीष खत्री, एएसपी शिव कुमार वर्मा, रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान, एसपी कार्यालय के समस्त बल मौजूद रहे।

अतिक्रमणकारियों पर नगर निगम की कार्यवाही, रिलायंस चौराहा का हटा अतिक्रमण

एसडीएम के निर्देश पर ननि आयुक्त ने हटवाया अतिक्रमण, दी हिदायत

सिंगरौली। नगर पालिक निगम सिंगरौली के अतिक्रमण अमले के द्वारा अतिक्रमणकारियों पर बड़ी कार्यवाही कर रिलायंस चौराहे के समीप किये अतिक्रमण को हटाया गया।

ज्ञात हो कि उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली सृजन बर्मा के द्वारा ननि आयुक्त की ओर इस आशय का पत्र भेजा गया था कि रिलायंस चौराहे के समीप खाली जगह पर अतिक्रमण कर दुकाने लगाई जा रही है। जिस कारण रहवासियों को काफी दिक्कत का सामाना करना पड़ रहा है। उक्त के तारतम्य में निगमायुक्त डीके शर्मा के निर्देशन पर निगम के अतिक्रमण प्रभारी प्रवीण गोस्वामी के अगुवाई

में निगम के अतिक्रमण अमले के द्वारा रिलायंस चौराहे के समीप खाली जगह पर बनी अवैध बस्तियों को हटाने की कार्यवाही करने के साथ ही अतिक्रमणकारियों को उचित स्थान पर स्थानांतरित किया गया। साथ ही हिदायत दिया गया कि दोबारा अतिक्रमण करने पर सामान जप्ती की कार्यवाही किया जायेगा। अतिक्रमण हटाने के दौरान सड़क पर अतिक्रमण करने वाले फुटकर व्यापारियों ने अपनी भड़ास निकालते हुये कहा कि नगर निगम के द्वारा छोटे व्यापारियों पर कार्रवाई की जाती है। जबकि शहर में बड़े -बड़े व्यापारी सड़क पर ही बाजार लगा रहे है। उनकी ओर नगर निगम के अधिकारियों का ध्यान नही जाता है। सिर्फ गरीबो को हटाकर वाहवाही लुटते है। इधर बता दे कि शहर में जगह-जगह अतिक्रमण है। इस पर भी नगर निगम अधिकारियों को ध्यान देने की जरूरत है। इस दौरान सहायक यंत्री डीके सिंह, आलोक टीरू, उपयंत्री विशाल खत्री, इन्द्रवेश यादव, जीतेन्द्र, विष्णुपाल, अमिताभ यादव, स्वच्छता निरीक्षक पवन बरोडे, विशाल सोनी, कैलाश शाह, सफाई दरोगा अशोक त्रिपाठी, धर्मेन्द्र, रोहित चौरसिया सहित पुलिस बल के सिपाही मौजूद रहे।

साहू समाज द्वारा कचनी में मनाया गया भव्य 76वां गणतंत्र दिवस

सिंगरौली। साहू समाज सिंगरौली द्वारा ग्राम कचनी स्थित प्रस्तावित धर्मशाला स्थल पर विधायक रामनिवास शाह के मुख्य आतिथ्य में अध्यक्ष साहू समाज सिंगरौली वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष शाह की अध्यक्षता में 76 वां गणतंत्र दिवस का भव्य समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुरुआत डॉ.भीमराव अंबेडकर, माता संतकर्मा, भारत माता एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर अध्यक्ष के द्वारा ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

उक्त कार्यक्रम में राधेश्याम शाह की टीम के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजन, अधिवक्ता गण, प्रतिष्ठित व्यवसायी, शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े समाज के लोग तथा भारी संख्या में स्वजातीय बंधु एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राम निवास शाह ने संबोधित करते हुए कहा की साहू समाज सिंगरौली की उन्नति के लिए समाज के प्रबुद्धजन काम करें । मेरी जहां आवश्यकता होगी मैं सदैव खड़ा मिलूंगा। साथ ही विधायक ने धर्मशाला स्थल कचनी पर माता कर्मा जी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। साथ ही कार्यक्रम में साहू समाज सिंगरौली के पूर्व अध्यक्ष राम शिरोमणि शाहवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज को शिक्षा स्वास्थ्य और स्वरोजगार की जागरूकता जब तक नहीं आएगी तब तक समाज का विकास नहीं होगा, भ्रष्टाचार बन्द नही होगा। साहू समाज के अध्यक्ष सुभाष शाह ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कहा कि समाज को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करने की जरूरत है। सामाजिक समरसता एवं आपसी सद्भाव सामाजिक तरक्की का एकमात्र साधन है।

नशामुक्ति के लिए युवाओं का आह्वान किया। अतः समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समाज के प्रति पूरी कर्मठता एवं निष्ठा के साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। अन्य वरिष्ठों ने भी समाज सुधार पर अपने विचार को व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन युवामोर्चा के अध्यक्ष अक्षय शाह द्वारा किया गया।

माता-पिता के बाद पुत्र की जबलपुर रास्ते में हो गई मौत

सरई कटरा जंगल हादसा, सरई में शोक की लहर

सिंगरौली। जिले के सरई ग्राम व्यवसायी दशरथ गुप्ता और उनकी पत्नी कैलाशवती गुप्ता का बीते बुधवार को नागपुर से दवा करवाकर लौटते समय सरई के कटरा जंगल में पेड़ से कार टकराकर दुर्घटनागस्त हो गई। इस घटना में पति-पत्नी का निधन हो गया था। जहा पुत्र की हालत नाजुक बनी थी। जबलपुर लेजाते समय पुत्र का भी निधन हो गया। इस घटना से समूचे सरई अंचल में शोक की लहर है। बताया जाता है कि कार से

घायल हुये संतोष गुप्ता की स्थिति गंभीर थी। जिनका इलाज बैढ़न के एक निजी अस्पताल में चल रहा था जहां स्थिति में सुधार नही होने पर जबलपुर ले जाया जा रहा था रास्ते में जैसे ही सिहोरा पंहुचे उसी दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके बाद शव को सरई लाया गया। जहां पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया। जिसमें से तीन लोगों की मृत्यु हो चुकी हैं।

अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से छः दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सिंगरौली। अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से स्व. कुबेर सिंह स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित छः दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट में गुरुवार को फाइनल मुकाबला में सिरसवाह की टीम ने पोड़ीपाठ की टीम पर 2.0 से बढ़त हासिल कर विजयी ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। सरई तहसील अन्तर्गत धिरौली एवं सुलियरी परियोजना के आस-पास के गांवों के युवाओं को खेलों के प्रति बढ़ावा देने के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से धिरौली में छः दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। शनिवार से गुरुवार तक आयोजित इस फुटबॉल टूर्नामेंट में आस-पास के गांवों की कुल 16 टीमों के करीब 200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

पुराने सब्जी मंडी मार्ग में आए दिन हो रहा वाद विवाद

सब्जी दुकानों को लेकर व्यापारी आपस में करते हैं तू-तू मैं-मैं, सड़क जाम से नही मिल रही मुक्ति

सिंगरौली। जिला मुख्यालय बैढ़न के पुरानी सब्जी मंडी बैढ़न में सब्जी के कारोबारी आए दिन दुकान लगाने को लेकर तू-तू मैं-मैं करना शुरू कर दिया है। वही उक्त मार्ग के दोनों ओर सब्जी की दुकानों के लगने से आवागमन भी प्रभावित हो रहा है।

जिला मुख्यालय बस स्टैंड के समीप पुरानी सब्जी मंडी दुकान मुख्य मार्ग में सब्जी की दुकानों को लगाए जाने से एक और जगह जाम की स्थिति बनी रहती है। वही दूसरी ओर सब्जी कारोबारी दुकान लगाने को लेकर आए दिन आपस में ही तू-तू मैं-मैं करते रहते हैं। यहां तक की पिछले सप्ताह दो व्यापारी सब्जी दुकान लगाने को लेकर मारपीट भी कर लिए थे। मामला कोतवाली में पहुंचा था। वही बीते दिन मंगलवार को भी दो व्यापारियों में विवाद होते-होते टल गया। यहां के व्यापारी बताते हैं कि सब्जी कारोबारी सड़क में दोनों ओर दुकान लगा ले रहे हैं ।

जिसके कारण आवाज पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है की कई बार कोतवाली के साथ-साथ नगर निगम अधिकारियों के यहां भी शिकायत की गई। लेकिन सड़क पर दुकान लगाने वाले सब्जी कारोबारी पर कार्रवाई करने से परहेज करते है। जिसके चलते सब्जी कारोबारी का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है।

कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)

//निविदा सूचना//

क्रमांक-429/ई-टेंडर/न.पा.नि./2025 रीवा, दिनांक 27-01-2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	2025_UAD_398791_1 28.01.2025 [FIRST CALL] 427/27.01.2025	जोन क्रमांक-02 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-06, में लॉ कॉलेज के पीछे श्रीमती ललिता लोहनिया के घर से श्रीमती पूनम लोहनिया के घर तक आरसीसी रोड एवं नाली निर्माण का कार्य।	03 माह ₹11.64 लाख	₹2000.00 ₹8730.00	28.02.2025 18:00 बजे तक।
2.	2025_UAD_398792_1 28.01.2025 [FIRST CALL] 428/27.01.2025	जोन क्रमांक-04 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-43 में श्री राजीव द्विवेदी के घर से श्री डी. एन. मिश्रा के घर तक सीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण का कार्य।	04 माह ₹23.31 लाख	₹5000.00 ₹17573.00	28.02.2025 18:00 बजे तक।

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
(जोन क्र.02 व 04)
नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)

उत्कृष्ट विद्यालय का वार्षिक स्नेह सम्मेलन बड़े धूमधाम के साथ संपन्न

सीधी। उत्कृष्ट विद्यालय सीधी का वार्षिक स्नेह सम्मेलन गत दिवस सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणा वादिनी की पूजा अर्चना के साथ किया गया, तत्पश्चात माननीय अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण से किया गया। इस क्रम में सबसे पहले विद्यालय के प्राचार्य शंभू नाथ त्रिपाठी ने कार्यक्रम की अध्यक्ष सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। वार्षिक प्रतिवेदन विद्यालय के प्राचार्य, श्री त्रिपाठी ने प्रस्तुत करते हुए कहा कि विद्यालय शुरू से ही विद्या अध्ययन का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है जिसमें पूरे सीधी जिले से प्रतिभावान छात्र यहां आकर पढ़ाई करते हैं और कई महत्वपूर्ण परीक्षाओं में चयनित होते हैं। गत वर्ष परीक्षा का परिणाम 95त्न से अधिक रहा लेकिन इस वर्ष परीक्षा परिणाम और अधिक बेहतर लाने की अपेक्षा है। पालन प्रतिवेदन पढ़ते हुए प्राचार्य महोदय ने कहा कि यह विद्यालय वास्तव में बहुमुखी प्रतिभा के धनी छात्रों का केंद्र रहा है, जिन्होंने देश से लेकर विदेश में भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है, और अभी भी विद्यालय निरंतर रूप से प्रगति पथ पर अग्रसर है। सीधी विधायक रीति पाठक ने कहा कि यह विद्यालय जिले का एक उत्कृष्ट विद्यालय है जहां उत्कृष्ट छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षकों के द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है इस विद्यालय में पर्याप्त संसाधन है जिनका उपयोग छात्रों के बीच किया जाना चाहिए फिर भी यदि इस विद्यालय को किसी भी प्रकार से कोई संसाधन की आवश्यकता पड़ती है तो प्राचार्य महोदय द्वारा मांग पत्र जारी किया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित रहे जिले के जिला शिक्षा अधिकारी डॉ प्रेमलाल मिश्रा जी ने भी सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया और कहा कि मैं वार्षिकोत्सव के इस अवसर पर सभी शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत आएगा। यदि इस विद्यालय को किसी भी प्रकार की कोई आवश्यकता पड़ती है तो प्राचार्य महोदय के द्वारा लेख किया जा सकता है उनकी पूरी मदद की जाएगी। इसके पश्चात विद्यालय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई, जिसमे एकल गीत, समूह गीत, गजल, भजन, नाटक तथा अन्य कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी और विद्यालय के पूर्व प्राचार्य श्रीआरपी तिवारी तथा विद्यालय से उच्च प्रभार प्राप्त प्राचार्य वीरेंद्र सिंह बघेल, संजीव कुमार त्रिपाठी, गिरिजा प्रसाद तिवारी, संतोष कुमार सिंह के द्वारा सभी विजेता छात्रों को उनके उल्लेखनीय कार्यक्रमों के लिए पुरस्कृत किया किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथि बतौर पधारे पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालय के पूर्व प्राचार्य आर.पी. तिवारी द्वारा भी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया गया। इस अवसर पर वर्ष भर चलने वाली विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के दौरान भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। प्राचार्य महोदय द्वारा सांस्कृतिक विधा में प्रस्तुत हुए कार्यक्रमों में से पहला पुरस्कार 10000 रुपये तथा दूसरा पुरस्कार 5000 रुपये का नगद दिया गया। इस वर्ष का उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार विजय सिंह चौहान परीक्षा प्रभारी उच्च माध्यमिक शिक्षक को दिया गया इसके साथ ही साथ लिपिक का उत्कृष्ट पुरस्कार दशरथ सिंह और भृत्य के लिए, केसरी प्रसाद चौधरी को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा कुमारी स्नेहा जायसवाल, कुमारी दीपा मिश्रा कुमारी आकाशी मिश्रा तथा श्रेजल अग्रहरी द्वारा आर.पी. पाठक और अमृता सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। वार्षिक उत्सव में प्रस्तुत होने वाले कार्यक्रमों का निर्देशन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती सोनिया सिंह, श्रीमती अमृता सिंह, श्रीमती शशि गौतम, श्रीमती नेहा पटेल, श्रीमती प्रवीण वर्मा, श्रीमती रश्मि मिश्रा, श्रीमती कीर्ति सिंह, डॉक्टर विनोद सिंह, आलोक शुक्ला, पवन द्विवेदी, अमित मिश्रा एवं विजय शर्मा द्वारा किया गया। वार्षिकोत्सव के इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से डीपीसी डॉक्टर राजेश तिवारी एडीपीसी प्रवीण कुमार शुक्ला, डॉ सुजीत मिश्रा एपीसी, विजय सिंह चौहान एमआईएस, आर.के. तिवारी, प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी, एल.के. शर्मा पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जानकी प्रसाद तिवारी शिक्षक, अनिल मिश्रा प्राचार्य रामाधार पांडेवा प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2, सुभाष चंद्र पटेल शासकीय सीएम राइस स्कूल सीधी तथा विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य और शिक्षक इस अवसर पर उपस्थित रहे।

मझौली के नेबूहा कैम्प में 67 लाख रूपये के गेहूँ का खयानत किये जाने पर लोकायुक्त में मामला दर्ज

सीधी। वर्ष 2021 में मझौली के पक्का कैम्प नेबूहा (मझौली) पर भण्डारित गेहूँ पी.एस.एस. 2021-22 का भौतिक सत्यापन करने पर 5156 बोरा कुल 67 लाख रूपये गेहूँ की कमी पाई गई। ज्ञातव्य है कि उस वक्त प्रदाय केन्द्र मझौली में कनिष्ठ सहायक श्री अंगद प्रसाद तिवारी कार्यरत थे और उन्हीं के द्वारा यह घोटाला किया गया। इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय प्रबंधक स्टेट वेयर हाउसिंग लाजिस्टिक कारपोरेशन लिमिटेड एम.डी. श्री दीपक सक्सेना को एफ.आई.आर. दर्ज कराने एवं विधि संगत कार्यवाही के लिये लेख किया गया परन्तु कोई कार्यवाही नहीं की गई और ले-देकर मामले को ठण्डा कर दिया गया। स्थिति यहाँ तक कि मामले को खुर्द-बुर्द करने के लिये अंगद प्रसाद तिवारी को पुनः मझौली में स्थानान्तरित कर दिया गया। उपरोक्त सम्बन्ध में वीरेन्द्र सिंह परिहार वरिष्ठ अधिवक्ता एवं व्हिसल व्लोअर द्वारा लोकायुक्त संगठन भोपाल को शिकायत भेजकर मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग ऐण्ड लाजिस्टिक कारपोरेशन भोपाल के तत्कालीन एम.डी. एवं वर्तमान में कलेक्टर जबलपुर श्री दीपक सक्सेना, जिला प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल एवं कनिष्ठ सहायक अंगद प्रसाद तिवारी के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही करने की मांग की गई, जिस पर लोकायुक्त संगठन द्वारा प्रकरण क्रमांक/0374/ई/2024-25 दर्ज कर प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मध्यप्रदेश भोपाल, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कारपोरेशन मध्यप्रदेश भोपाल तथा प्रबंधक संचालक मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एण्ड लाजिस्टिक कारपोरेशन भोपाल से तथ्यात्मक जाँच प्रतिवेदन मांगा गया है।

सहायक आयुक्त प्रेरणा उत्सव के नोडल अधिकारी होंगे

सीधी। स्वाधीनता संग्राम की अप्रतिम गोण्ड नायिका वीरांगना रानी दुर्गावती के 500वें जन्मवर्ष को "प्रेरणा उत्सव" के रूप में मनाये जाने का निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया गया था। जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय, श्यामला हिल्स भोपाल के पत्र दिनांक 26.12.2024 के द्वारा प्रेरणा उत्सव सीधी जिले के कुसमी विकासखण्ड में दिनांक 01 फरवरी 2025 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रख दी गई श्रद्धांजलि

सीधी। अमर शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को ठीक प्रातः 11 बजे से दो मिनट का मौन रखा गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सायरन बजते ही प्रातः 11 बजे से अमर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा। इसके अलावा संपूर्ण जिले में दो मिनट के लिए गतिविधियां रोक कर जो व्यक्ति जहां भी रहे, उन्होंने वहां शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों का स्मरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

पैरामेडिकल कॉलेजों में संचालित पाठ्यक्रमों की जांच दल में नीलेश कुमार शर्मा कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में नामांकित

सीधी। अपर कलेक्टर ने आदेश जारी कर पूर्व जारी आदेश दिनांक 27.11.2024 को निरस्त करते हुये जिले में संचालित पैरामेडिकल कॉलेजों में संचालित पाठ्यक्रमों/गतिविधियों की जांच हेतु जांच दल में नीलेश कुमार शर्मा, संयुक्त कलेक्टर जिला सीधी को कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में नामांकित किया गया है। जांच दल में शामिल अन्य सदस्य यथावत रहेंगे। जांच दल द्वारा म.प्र. राजपत्र (असाधारण) चिकित्सा शिक्षा विभाग दिनांक 08 अक्टूबर 2021 में प्रकाशित म.प्र. राज्य में सह-चिकित्सीय शिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए विहत मानक तथा दिशा निर्देशानुसार पैरामेडिकल कॉलेजों का संचालन हो रहा या नही, के संबंध में संस्था का निरीक्षण कर नियत प्रारूप में निरीक्षण प्रतिवेदन सहपत्रों सहित आगामी 10 दिवस के भीतर प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

प्रकृति और परमात्मा का पूजन ही गोवर्धन पूजन है: आचार्य

सीधी

वार्ड क्रमांक 10 उत्तर कम दिया में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण के पंचम दिवस की कथा में पूज्य महाराज जी ने भक्तों को गिरिराज पूजन और गिरिराज महात्म की कथा को सुना करके आनंदित किया भक्तों को कथा सुना रहे परम पूज्य आचार्य पवन जी महाराज भगवान की बाल लीलाओं के साथ-साथ ब्रज लीला और गोवर्धन नाथ की कथा विस्तार से भक्तों को सुनाई एवं बड़े ही धूमधाम के साथ उत्सव को भी मनाया गया इस पूरे कार्यक्रम के आयोजक उत्सव सिंह टिंकू तमाम क्षेत्रीय भक्तों से विनम्र अनुरोध किए हैं कि अधिक से अधिक संख्या में भक्ति पधारे और पधार करके कथा श्रवण करें आज की कथा में बड़ी तादाद में श्रोता पधारे यहां पर बड़ी-बड़ी दिग्गज हस्तियां गंगा ग्रुप योगेंद्र सिंह साहब भारत सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू राम जी सिंह सहित अन्य गण मन नागरिक भी उपस्थित रहे।

मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला इकाई सीधी की बैठक सम्पन्न

सीधी। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला इकाई सीधी के सचिव अजय सिंह मंटू के द्वारा बताया गया की मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला इकाई सीधी की बैठक दिनांक 12 जनवरी 2024 में संबंधित संगठन की जिला अध्यक्षों के द्वारा बैठक में अपनी मांगे रखी गई है जिसको संगठन में उपस्थित सभी सहयोगी संगठन के जिला अध्यक्ष शामिल करने का सुझाव दिया गया आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संघ के जिला अध्यक्ष श्रीमती रानी द्विवेदी के द्वारा मांगों को शामिल कराया गया है जिसमें हितग्राही की फोटो एवं ओटीपी नंबर लेकर जे एच आर का वितरण करना बंद किया जाए पुराने सिस्टम से ही जे एच आर का वितरण जारी रखा जाए संगठन के संरक्षक एवं अध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ राम शखा गौतम गौतम के द्वारा जिला पंचायत जनपद पंचायत अधिकारी कर्मचारी के मामले में प्रमुख मांगे स्थानी मुद्दों में शामिल कराया गया है इसमें वर्ष 2004 के पूर्व से नियुक्त जिला पंचायत जनपद पंचायत के अधिकारियों कर्मचारियों को पेंशन का लाभ अन्य शासकीय सेवकों की भांति दिया जाए इसी तरह लिपिक वर्गी शासकीय कर्मचारी संघ के के अध्यक्ष चित्रसेन गौतम के द्वारा मुद्दा रखा गया कि शान द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन मध्य प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा सीधी को श्री बीपी पांडे चालक होमगार्ड सिद्धि के सेवानिवृत होने एवं रिक्त करने से रिक्त शासकीय आवास क्रमांक 224 ग का आवंटन किया जाए संगठन प्रत्येक माह शासकीय आवास का किराया संबंधित हेड में जमा करता रहेगा शिक्षक संघ के अध्यक्ष विजय सिंह के द्वारा मुद्दा रखा गया कि शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कार्यपालिका कर्मचारियों को वरिष्ठ पद का प्रभार वरिष्ठता के आधार पर ही दिया जाए शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों में उक्त नियमों का पालन नहीं हो रहा है पालन कराया जाए इसी तरह से मध्य प्रदेश लिपिक वर्गी शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा सिद्धि के महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमती शांति बंसल के द्वारा मुद्दा रखा गया कि सीधी जिले में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की द्वितीय प्रति सेवा पुस्तिका तैयार नहीं कराई गई है तत्काल कराई जाकर संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जाए इसी तरह मध्य प्रदेश लिपिक वर्गी शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा सिद्धि के उपाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह के द्वारा मुद्दा रखा गया कि सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के दिनांक को ही संबंधित कर्मचारी अधिकारी के सेवानिवृत्ति उपरांत समस्त हक का भुगतान कराया जाए जिसको शामिल करने के लिए बैठक में उपस्थित रहे।

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन म.प्र. के आह्वान पर जिले के सभी अशासकीय स्कूल शासन की मान्यता नीतियों के विरोध में रहे बंद

सीधी। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जिला इकाई सीधी के जिलाध्यक्ष इंजी. आर.बी. सिंह की अगुवाई में कक्षा 1 से 8वीं तक की मान्यता के लिए शासन द्वारा जारी नए नियमों के विरोध में प्रदेश के सभी संगठनों के संयुक्त आह्वान पर जिले के समस्त प्राइवेट विद्यालय बंद रहे। यह निर्णय शासन की नीतियों के प्रति अपनी असहमति व्यक्त करने और छोटे-छोटे विद्यालयों के अस्तित्व की रक्षा के लिए उठाया गया कदम है। यह बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। जिले और ब्लॉक की कोर कमेटी द्वारा स्कूलों का भ्रमण जिला संगठन मंत्री नरेंद्र सिंह, सचिव सौरभ सिंह, कोषाध्यक्ष शिव कुमार सिंह, संरक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, मुनेंद्र शुक्ला, जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष आशीष जयसवाल, विनोद सिंह, रवि तिवारी, मीडिया प्रभारी शिवम् सिंह सहित सैकड़ों संचालक साथी के साथ किया गया।

हर्षा इन्फ्रा का हाइड्रा ने तीन लोगों की जान से किया खिलवाड़

सीधी। कटौली से बढौरा तक हर्षा इन्फ्रा पावर लिमिटेड को घर-घर सीएनजी गैस पहुचाने के लिए पाइपलाइन का निविदा विगत तीन-चार वर्षो से मिलने के बावजूद भी आजतक कार्य में शिथिलता एवं कम्पनी में पदस्थ प्रोजेक्ट मैनेजर एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा कम्पनी के डायरेक्टर को गुमराह कर कार्य को अंजाम देने में जहा मशगूल थें वही दुर्घटना को आमंत्रण देने का काम कर रहे थे । बीते दिन कोष्ठा कोठार के पास खुदाई का कार्य किया गया था जो प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम द्वारा गढढे को पाटने का निर्देश दिया गया कम्पनी के कार्यरत कर्मचारियों द्वारा हाइड्रा क्रमांक एमपी 19 एलके 4422 गढढे को पाटने के लिए कम्पनी कैम्प से निकला ही था कि उल्टी दिशा से मोटर साइकल में सवार दो पुरूष एवं एक महिला को जबरदस्त ठोकर मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया और हाइड्रा मशीन छोडकर चालक रफू चक्कर हो गया ज्ञात होवे कि जबकि हाइड्रा मशीन का काम पाईप उठाने का होता है गढढा भरने का काम जेसीबी द्वारा किया जाता है लेकिन कम्पनी के प्रोजेक्ट मैनेजर की लापरवाही का खामियाजा दुर्घटना को आमंत्रण दिया है। घटना की जानकारी चालक द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर और अन्य अधिकारी को दी लेकिन कम्पनी के कथित अधिकारी-कर्मचारी कैम्प छोड़कर भाग निकले और हाइड्रा के मालिक योगेन्द्र सिंह को सूचना दी गई। इधर घायल अवस्था में हाइवे रोड में तडप रहे दो युवक और एक महिला को प्रशासनिक व्यवस्था के दौरान तत्काल सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र चुरहट लाया गया जहा गम्भीर रूप से घायल होने के कारण डॉक्टरों ने संजय गांधी मेडिकल कॉलेज रीवा के लिए रेफर कर दिया गया। इधर हाइड्रा मशीन के संचालक ने पुलिस से तालमेल बनाकर रात में ही छुडा लिया और घायलों की मोटर साइकिल चुरहट थाने में अभी भी खड़ी है। घायलों में अम्बुज पाण्डेय पिता बृजेन्द्र पाण्डेय उम्र 32 वर्ष जो कोष्ठा कोठार निवासी तथा स्मिता द्विवेदी पति कृष्णा द्विवेदी उम्र 25 वर्ष तथा पति कृष्णा द्विवेदी पिता संतोष कुमार द्विवेदी उम्र 26 वर्ष बड़खरा का होना बताया गया है। घटना के सम्बंध में नगर निरीक्षक से जानकारी ली गई तो उन्होने बताया कि दुर्घटना बचाने के लिए प्रशासन द्वारा गढढे को पाटने के लिए निर्देशित किया गया था लेकिन कम्पनी के ही चालक द्वारा मोटर साइकिल सवारों को जबरदस्त ठोकर मारकर लहुलुहान कर दिया जिस पर मुकदमा दर्ज किया गया है और उन्हे उपचार हेतु रीवा के लिए रेफर कर दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह कार्य पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के द्वारा हर्सा इन्फ्रा पावर लिमिटेड को दिया गया था जो मनमानी से कटौली से चुरहट नगर पंचायत तक वृक्षों को धराशायी कर पाइप लाइन का कार्य तो किया गया लेकिन सड़कों को मेन्टेनेस कार्य नही कराया गया जिससे कालोनियों में रहने वाले रहवासियों को टूटी सड़क में दुर्घटना होने की सूचना मिली है। जबकि पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क में खोदे गये गढढे को कम्पनी द्वारा पटवाने का दायित्व बनता है लेकिन ऐसे अधिकारियों को कम्पनी द्वारा पदस्थ किया गया है कि लुका-छुपी का खेल जैसा लग रहा है और कैम्प में कभी भी प्रोजेक्ट मैनेजर सहित अन्य अधिकारियों का मिलना नामुमकिन है। जन चर्चा के अनुसार बताया गया है कि गैस पाईप लाइन कम गहराई खुदवाकर डाली जा रही है जबकि कम से कम 1.5 मीटर की गहराई में पाइप लाइन डालने की निविदा भारत पेट्रोलियम द्वारा किया गया था। भारत पेट्रोलियम और प्रकृति गैस विनायक बोर्ड द्वारा साफ निविदा में उल्लेखित है कि प्रभारी अभियंता अथवा उत्तरदायी अभियंता नगर गैस वितरण अधिकारी तथा शिक्षित अभियंता द्वारा कम्पनी के कार्यो का निरीक्षण कर आगे का मार्ग प्रशस्त करे लेकिन कम्पनी के द्वारा कभी भी किसी भी तरह के अभियंताओं को निरीक्षण गैस विनायमक बोर्ड द्वारा प्राधिकृत एजेन्सी के दिशा-निर्देशों से दायित्वों का निर्वहन नही किया जा रहा है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी
Website – www.mppwd.gov.in/pwdmp, email – eepwdsidhi@mp.nic.in

नि सू क्र. 09/2024-25 सीधी, दिनांक 27.01.2025

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यो हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संसाधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र – 'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है : –

ग्रुप क्र.	टेंडर आई०डी०	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राषि (रु लाख में)	1.. अमानत राशि 2.. नि. प्रपत्र का मूल्य	1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि
1	2	3	4	5	6
1	2025_PWDRB_397375	उपसंभाग मझौली के उपखण्ड टिकरी अन्तर्गत बरमवावा से हिलमानी मार्ग लं. 2.00 कि.मी. विशुनी टोला सॉई मंदिर मार्ग लं. 2.00 कि.मी नेबूहा छतैनिहा मार्ग लं. 1.20 कि.मी. कुल लंबाई 5.20 कि.मी में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। लो0नि0वि0, सडक एस.ओ.आर. 25.03.2022	44.72	1. 50000 2. 5000	1. द्वितीय आमंत्रण 2 03 माह
2	2025_PWDRB_397376	उपसंभाग मझौली अन्तर्गत ठोंगा सरैहा मार्ग लं. 2.01 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022	16.80	1. 33600 2. 2000	1. तृतीय आमंत्रण 2 03 माह
3	2025_PWDRB_397377	उपसंभाग सीधी अन्तर्गत सिविल लाईन सीधी में ई टाईप बंगला नम्बर 07 का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024	4.19	1. 8380 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2 03 माह
4	2025_PWDRB_397378	उपसंभाग सीधी अन्तर्गत उच्च विश्राम गृह सीधी में व्ही.आई.पी. कमरा नं. 3 एवं 4 का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024	4.23	1. 8380 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2 03 माह
5	2025_PWDRB_397379	उपसंभाग सीधी अन्तर्गत सिविल लाईन सीधी में कलेक्टर बंगला का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ. आर. 01.01.2024	4.24	1. 8480 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2 03 माह
6	2025_PWDRB_397380	उपसंभाग सीधी अन्तर्गत सिविल लाईन सीधी में आवासीय भवन क्र. सी.एच–3,4,5 एवं 6 में बाउन्ड्रीवाल का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024	4.22	1. 8440 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2 03 माह
7	2025_PWDRB_397381	उपसंभाग मझौली अन्तर्गत आवासीय भवन क्र. एच टाईप गैंगहट पथरौला विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस. ओ.आर. 01.01.2024	4.20	1. 8400 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2 03 माह
8	2025_PWDRB_397382	उपसंभाग चुरहट अन्तर्गत शिकारगंज विश्राम गृह पहुँच मार्ग के कि.मी. 1/2 में रिटेनिंग वाल का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022	4.23	1. 8460 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2 03 माह
9	2025_PWDRB_397383	उपसंभाग चुरहट अन्तर्गत बघवार मंदिर मार्ग के कि.मी. 1/6 में क्षतिग्रस्त रपटा का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022	4.24	1. 8480 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2 03 माह
10	2025_PWDRB_397384	उपसंभाग चुरहट अन्तर्गत लेहेचुआ शिकारगंज मार्ग के कि.मी. 1/2 से 1/4 में बायीं तरफ आर.सी.सी. नाली का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022	4.23	1. 8460 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2 03 माह
11	2025_PWDRB_397385	उपसंभाग चुरहट अन्तर्गत लेहेचुआ शिकारगंज मार्ग के कि.मी. 1/2 से 1/4 में दाहिनी तरफ आर.सी.सी. नाली का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022	4.23	1. 8460 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2 03 माह
12	2025_PWDRB_397386	उपसंभाग चुरहट अन्तर्गत बघऊँ अभिलिया मार्ग के कि.मी. 1/8 मे क्षतिग्रस्त सिंगल रो 1000 एम.एम. डाया एन.पी. 4 हयूम पाईप कलवर्ट का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022	2.24	1. 4480 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2 02 माह
13	2025_PWDRB_397387	उपसंभाग चुरहट अन्तर्गत लेहेचुआ आदिवासी बस्ती मार्ग के कि.मी. 2/10 मे हयूम पाईप कलवर्ट का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022	4.23	1. 8460 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2 03 माह
14	2025_PWDRB_397388	उपसंभाग सीधी के उपखण्ड मुख्या. सीधी द्वितीय अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवनों एफ.टाईप से नीचे का वार्षिक मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024	11.30	1. 22600 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2 05 माह वर्षाकाल सहित।
15	2025_PWDRB_397389	उपसंभाग सीधी के उपखण्ड मुख्या. सीधी प्रथम अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवनों एफ.टाईप से नीचे का वार्षिक मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024	11.44	1. 22680 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2 05 माह वर्षाकाल सहित।
16	2025_PWDRB_397391	उपसंभाग मझौली के उपखण्ड मझौली अन्तर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई का कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024	10.09	1. 20180 2. 2000	1. प्रथम आमंत्रण 2 05 माह वर्षाकाल सहित।
17	2025_PWDRB_397392	उपसंभाग चुरहट के उपखण्ड शिकारगंज अन्तर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024	8.26	1. 16520 2. 2000	1. द्वितीय आमंत्रण 2 05 माह वर्षाकाल सहित
		योग :–	147.09		

1. ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 31.01.2025 सुबह 10.30 से 13.02.2025 शाम 5.30 तक है।
2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य अभिलेख (लिफाफा–अ), सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है।
3. निविदा से संबंधित सशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल वेबसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

(एम.के. परते)
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संभाग सीधी (म.प्र.)

जी–22418/24

संपादकीय

एम्स के बाहर फुटपाथों पर उपेक्षित जिंदगी

दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानी एम्स को सबसे अहम और भरोसेमंद अस्पताल माना जाता है, जहां देश भर से लोग इलाज कराने पहुंचते हैं। बाहर से दिल्ली आने वाले मरीजों के साथ आमतौर पर उनके परिजन भी होते हैं। एम्स में चिकित्सा प्रक्रिया में विलंब के चलते कई बार मरीजों या उनके परिजनों को कुछ दिन दिल्ली में ही रुकना पड़ता है। अगर मरीज को अस्पताल में भर्ती होना पड़ जाए, तो यह अवधि कई दिनों तक खिंच सकती है।ऐसे में जिन लोगों के पास संपर्क या संसाधन होते हैं, वे तो अपने रहने की व्यवस्था किसी तरह कर लेते हैं, लेकिन बहुत सारे लोगों को एम्स परिसर के आसपास फुटपाथों या मेट्रो स्टेशनों के परिसर में रात गुजारते देखा जा सकता है। फिलहाल, दिल्ली में जैसी ठंड है, उसमें शौचालय, पीने के पानी का अभाव और कूड़े-कचरे के ढेर के आसपास आश्रय लिए वक्त काटते ठिठुरते लोगों के सामने पैदा मुश्किलों का अंदाजा लगाया जा सकता है।यह एक व्यवस्थागत समस्या है, जिसे लेकर राजनीतिक पार्टियों और नेताओं में उदासीनता आम रही है। मगर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और दिल्ली की मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर इस 'मानवीय संकट' को दूर करने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है। यह विडंबना है कि देश के इतने बड़े अस्पताल में या इसके आसपास सरकार की ओर से ऐसी व्यवस्था नहीं है, जहां मरीजों के परिजन या इलाज का इंतजार करने वाले लोगों को कुछ दिन रहने की व्यवस्था सुलभ हो।एक सवाल यह भी है कि देश के अन्य राज्यों या इलाकों में चिकित्सा की ऐसी भरोसेमंद व्यवस्था क्यों नहीं है, जहां लोग आश्वस्त होकर अपना इलाज कराएं। चुनाव के वक्त लक्षित मतदाता वर्ग को छोड़ दें, तो बाकी वक्त हर राजनेता एक तरह से आराम की मुद्रा में होता है और अभाव से जूझते हाशिये के लोग अपने हाल पर समस्याओं से लड़ रहे होते हैं। इस लिहाज से देखें तो राहुल गांधी ने एम्स परिसर में अव्यवस्था और मानवीय तकाजों की उपेक्षा की स्थिति की ओर जिस तरह ध्यान दिलाया है, वह गौर करने के लायक है।

एक पाकिस्तानी पत्रकार जावेद चौधरी ने हाल में एक रहस्योद्घाटन किया कि हर हफ्ते एक हवाई जहाज नैरोबी से कई मिलियन अमेरिकी डॉलर लेकर काबुल की उड़ान भरता है और यह रकम अफगान नेशनल बैंक में जमा करके वापस लौट जाता है। यह सूचना उन लोगों के लिए किसी विस्फोट से कम नहीं थी, जो मानते थे कि अमेरिका के लिए अपना अपमान भुला पाना बहुत आसान नहीं होगा। तालिबान-अमेरिका दुश्मनी से भी कम चलने वाली साबित हुई पाकिस्तान-तालिबान दोस्ती। इसे दोहराने की जरूरत नहीं है कि अफगानी जेहाद का सिलसिला ही पाकिस्तानी मदद से शुरू हुआ था। 1980 के दशक में सोवियत हस्तक्षेप के खिलाफ अमेरिकी हथियारों, सऊदी पैसे और पाकिस्तानी प्रशिक्षण से जिस जेहादी भस्मासुर को खड़ा किया गया था, वह कालांतर में अपने ही आकाओं को लीलता गया।

तालिबान से परेशान पाकिस्तान

(विभूति नारायण राय, पूर्व आईपीएस अधिकारी)

अतरराष्ट्रीय राजनय में बार-बार दोहराई जाने वाली एक कहावत है कि विदेशी संबंधों में कोई स्थायी मित्र या शत्रु नहीं होता। इस उक्ति के जनक की समझ पिछले पांच वर्षों में अफगानिस्तान के विजुअल्स को स्लो मोशन पर रिवाइंड या फास्ट फॉरवर्ड चलाने में गड़बड़ा सकती है। मित्रता या शत्रुता स्थायी नहीं होती, यह तो समझा जा सकता है, पर यह इतनी कम अवधि के लिए भी हो सकती है, इसे सिर्फ अफगान-पाकिस्तान या अफगान-अमेरिका के तेजी से बदलते संबंधों से समझ सकते हैं। इन अल्पजीवी रिश्तों को कुछ हालिया दृश्यों में देखना रोचक होगा।

सितंबर 2021 की एक शुरुआती तारीख। यह वह समय है, जब आखिरी अमेरिकी सैनिक काबुल से जा चुका है, तथाकथित अफगान नेशनल आर्मी ने बिना लड़े हथियार डाल दिए हैं और तालिबान के विभिन्न गिरोह सत्ता में भागीदारी के लिए एक दूसरे से छीना-झपटी कर रहे हैं। ऐसे में, काबुल के एक होटल में जनरल फैज हमीद का पदार्पण होता है। जनरल साहब की आत्मविश्वास से लबरेज मुस्कान पत्रकारों को आश्वस्त कर रही है कि अब मामला सुलझ जाएगा। अनकहा संदेश है कि अब वह आ गए हैं, लिहाजा सब 'ठीक' हो जाएगा। काबुली होटल में चाय के प्याले के साथ उनकी कुछ पाकिस्तानी व अमेरिकी पत्रकारों के साथ की छवि अब इतिहास का अंग बन गई है।

9/11 के हमलों के बाद दो दशकों तक चली खूंरेजी के बावजूद अमेरिका पूरी तरह से तालिबान को हरा नहीं पाया था, उन हमलों को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाला ओसामा बिन लादेन वर्षों तक उसकी पहुंच के बाहर था, पर अब और लड़ने के लिए उसका जनमत तैयार नहीं था और वह थक-हारकर वापस जा रहा था। यह वापसी वियतनाम युद्ध की वापसी से भी ज्यादा शर्मनाक और अराजक थी। अमेरिकी सिपाहियों की वापसी की छवियों को जनरल फैज हमीद के चाय के प्याले वाली छवि से जोड़कर ही पूरी तस्वीर बनती है। तत्कालीन राष्ट्रपति बाइडन ने अपने अपमान के लिए पाकिस्तानी नेतृत्व, उसकी फौज और आईएसआई को कभी माफ नहीं किया और यही कारण था कि उनके पूरे कार्यकाल के दौरान पूरी कोशिश के बावजूद पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान उनसे बात तक नहीं कर पाए।

इस पृष्ठभूमि में अगले कुछ महीनों में ही तालिबान-अमेरिका और तालिबान-पाक संबंधों में आए बदलाव को देखें, तो हम चकित रह जाएंगे। जो अमेरिका अपमानित होकर अफगान रणक्षेत्र में अपने छह अरब डॉलर से अधिक के फौजी साजो-सामान छोड़कर भागा था, उसने कुछ ही महीनों में

तालिबान नेतृत्व को स्थायित्व प्रदान करने के लिए अपना हाथ बढ़ा दिया।

एक पाकिस्तानी पत्रकार जावेद चौधरी ने हाल में एक रहस्योद्घाटन किया कि हर हफ्ते एक हवाई जहाज नैरोबी से कई मिलियन अमेरिकी डॉलर लेकर काबुल की उड़ान भरता है और यह रकम अफगान नेशनल बैंक में जमा करके वापस लौट जाता है। यह सूचना उन लोगों के लिए किसी विस्फोट से कम नहीं थी, जो मानते थे कि अमेरिका के लिए अपना अपमान भुला पाना बहुत आसान नहीं होगा। तालिबान-अमेरिका दुश्मनी से भी कम चलने वाली साबित हुई पाकिस्तान-तालिबान दोस्ती। इसे दोहराने की जरूरत नहीं है कि अफगानी जेहाद का सिलसिला ही पाकिस्तानी मदद से शुरू हुआ था। 1980 के दशक में सोवियत हस्तक्षेप के खिलाफ अमेरिकी हथियारों, सऊदी पैसे और पाकिस्तानी प्रशिक्षण से जिस जेहादी भस्मासुर को खड़ा किया गया था, वह कालांतर में अपने ही आकाओं को लीलता गया। सोवियत सेनाओं के अफगानिस्तान से जाने के बाद उत्पन्न शून्य को भरा पाकिस्तानी मदरसों में आईएसआई द्वारा प्रशिक्षित तालिबान ने। उनकी फितरत में ही तोड़-फोड़ थी, इसलिए उनके 'अतिथि' ओसामा बिन लादेन ने 9/11 कर दिया और उसके बाद के दो दशक इतिहास का अंग बन चुके हैं। लंबी जद्दोजहद के बाद जब आईएसआई की सक्रिय मदद से तालिबान की वापसी हुई, तो स्वाभाविक ही था कि पाकिस्तानी सत्ता-प्रतिष्ठान के मन में अफगानिस्तान को अपना पांचवां प्रदेश बनाने की इच्छा फिर से अंगड़ाई भरने लगी।

अविश्वसनीय सा लगता है कि पाकिस्तानी कृपा से सत्ता तक पहुंचे तालिबानी पाक सेना के साथ लगभग युद्ध जैसी स्थिति में उलझे हुए हैं। दो मुद्दों पर आईएसआई को उम्मीद थी कि तालिबान उसका समर्थन करेंगे और दोनों ही मामलों में उसे निराशा ही हाथ लगी। पहला मसला, डूरंड लाइन की मान्यता से जुड़ा है और तालिबान ने आईएसआई की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए पिछली अफगान सरकारों की तरह ही डूरंड लाइन को अंतरराष्ट्रीय सीमा मानने से इनकार कर दिया है।

सालों से तालिबान का एक सहयोगी संगठन तहरीके तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पड़ोसी देश के लिए सिरदर्द बना हुआ है। आईएसआई को पूरी उम्मीद थी कि तालिबान उस पर अंकुश लगाएंगे, पर उनके हाथ निराशा ही लगी। खास तौर से अफगान सीमा से सटे खैबर पख्तूनख्वा के इलाकों में पिछले एक वर्ष में उसने पाक सेना को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। कई सौ सैनिकों और अर्धसैनिक बलों के सदस्यों की हत्या के अलावा उन्होंने सैकड़ों वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में राज्य का नियंत्रण समाप्त सा कर दिया है। कोढ़ में खाज यह है कि इसी क्षेत्र में विकास से जुड़ी चीन की बहुत सी गतिविधियां चल रही हैं, जिनके बंद होने का खतरा है।

धैर्य खोकर पाकिस्तान ने वह कर डाला, जिसकी 1980 के दशक से किसी को उम्मीद नहीं थी। उसने टीटीपी के प्रशिक्षण केंद्रों पर हमले के नाम पर अफगानिस्तान के अंदरूनी इलाकों में हवाई हमले करके बड़ी संख्या में औरतों और बच्चों को मार डाला। सीमा पर दोनों देशों के सशस्त्र बल रोज एक-दूसरे पर गोलीबारी कर रहे हैं। खबर यह भी है कि पाक सेना ने अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा पर वाखान गलियारे पर भी कब्जा कर लिया है। हालांकि, पाक अधिकारियों ने इस खबर का खंडन किया है, फिर भी आईएसआई प्रमुख की तालिबान के पारंपरिक शत्रु ताजिकि अधिकारियों से भेंट की तस्वीरें सार्वजनिक हो ही गई हैं।

इस बीच भारतीय और ईरानी विदेश विभागों के शीर्ष अधिकारियों की अफगान विदेश मंत्री से मुलाकातों और चाहबहार बंदरगाह के सक्रिय होने की खबरें भी पाकिस्तानी प्रतिष्ठान के कानों को कर्कश लग रही होंगी। नए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आने के बाद भी पाक-अफगान या अमेरिका-अफगान संबंधों में उथल-पुथल के अलावा इस पूरे उपमहाद्वीप में अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक नए सिलसिले की शुरुआत की उम्मीदें लगाई जा सकती हैं।(ये लेखक के अपने विचार हैं)

दिल्ली की इस विधानसभा सीट पर जो जीतता है, बनती है उसी पार्टी की सरकार

द्म(श्रुति श्रीवास्तव)

सेंट्रल दिल्ली राजधानी दिल्ली के 11 जिलों में से एक है और इसके तहत विधानसभा की 7 सीटें आती हैं जिसमें तिमारपुर सीट भी शामिल है. हालांकि तिमारपुर सीट नॉर्थ ईस्ट दिल्ली लोकसभा सीट में पड़ती है। यहां से वर्तमान विधायक आम आदमी पार्टी के दिलीप पांडे हैं। इस सीट पर भाजपा को एक बार ही जीत का स्वाद चखने का मौका मिला है। इसके बाद यहां कभी पार्टी वापसी नहीं कर सकी। तीन बार कांग्रेस और पिछले तीन बार से आम आदमी पार्टी का तिमारपुर सीट पर कब्जा रहा है।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को मतदान होगा वहीं वोटों की गिनती 8 फरवरी 2025 को की जाएगी। कांग्रेस, बीजेपी, आम आदमी पार्टी सहित तीनों बड़ी पार्टियों ने दिल्ली की सभी 70 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही अपने मैनिफेस्टो भी जारी कर दिए हैं। दिल्ली की 70 सीटों में से एक तिमारपुर सीट बड़ी ही दिलचस्प है। इस विधानसभा सीट पर जो जीतता है, उसी पार्टी की सरकार बनती है। आइए जानते हैं तिमारपुर सीट का राजनीतिक इतिहास।

सेंट्रल दिल्ली राजधानी दिल्ली के 11 जिलों में से एक है और इसके तहत विधानसभा की 7 सीटें आती हैं जिसमें तिमारपुर सीट भी शामिल है. हालांकि तिमारपुर सीट नॉर्थ ईस्ट दिल्ली लोकसभा सीट में पड़ती है। यहां से वर्तमान विधायक आम आदमी पार्टी के दिलीप पांडे हैं। इस सीट पर भाजपा को एक बार ही जीत का स्वाद चखने का मौका मिला है। इसके बाद यहां कभी पार्टी वापसी नहीं कर सकी। तीन बार कांग्रेस और पिछले तीन बार से आम आदमी पार्टी का तिमारपुर सीट पर कब्जा रहा है।

इस बार कौन-कौन है तिमारपुर के चुनाव मैदान में?

इस बार के चुनाव की बात की जाए तो आप ने चुनाव से पहले भाजपा से पार्टी में शामिल हुए सुरिंदर पाल सिंह बिट्टू को उम्मीदवार बनाया है। वह पहले कांग्रेस में थे और 2003 और 2008 में कांग्रेस के टिकट पर तिमारपुर से विधायक भी रह चुके हैं। भाजपा ने सूर्य प्रकाश खत्री को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने लोकेंद्र चौधरी को टिकट दिया है।

1993 चुनाव के बाद से बीजेपी ने नहीं हासिल की तिमारपुर सीट पर जीत

अब बात करते हैं पिछले कुछ चुनावों की तो 1993 के चुनाव में बीजेपी के राजेंद्र गुप्ता ने यहां पर बीजेपी को जीत दिलाई थी, उसके बाद से भाजपा इस सीट पर जीत हासिल नहीं कर पाई है। 1993 में दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 49 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। भाजपा की जीत के बाद मदन लाल खुराना दिल्ली के सीएम बने थे।

1998 से 2008 तक दिल्ली में कांग्रेस की सरकार

1998 से 2008 तक दिल्ली में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार रही। वहीं, तिमारपुर सीट से कांग्रेस के जगदीश आनंद ने जीत हासिल की थी। 1998 के चुनावों में कांग्रेस ने 52 सीटें जीतकर भाजपा को सत्ता से बेदखल कर दिया। भाजपा केवल 17 सीटों पर सिमट गई और शीला दीक्षित को सीएम बनाया गया। 2003 के चुनाव में कांग्रेस ने 47 सीटों पर जीत हासिल की और लगातार दूसरी बार शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनीं। 2008 में कांग्रेस ने 43 सीटें जीतकर अपनी सत्ता बरकरार रखी।

2003 और 2008 के चुनाव में कांग्रेस के सुरिंदर पाल सिंह बिट्टू ने इस सीट पर जीत दर्ज की थी।

2013 के विधानसभा चुनाव में आप की एंट्री

अब बात करते हैं 2013 के चुनाव की जहां तिमारपुर सीट से आप के हरीश खन्ना ने चुनाव जीता था। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल की अगुआई में आम आदमी पार्टी ने पहली बार चुनाव लड़ा और 28 सीटें जीतीं। भाजपा 31 सीटों के साथ सबसे बड़ा दल रहा लेकिन पार्टी बहुमत हासिल नहीं कर पाई। कांग्रेस मात्र आठ सीटों पर सिमट गई थी। इस स्थिति में आप ने कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनाई थी और अरविंद केजरीवाल पहली बार दिल्ली के सीएम बने थे लेकिन यह सरकार केवल 49 दिन ही चल पाई थी। 2013 के विधानसभा चुनाव में जनता दल यूनाइटेड, शिरोमणि अकाली दल और निर्दलीय को एक-एक सीट मिली थी। 2015 के चुनावों में आप ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 70 में से 67 सीटें जीती थीं। वहीं, तिमारपुर सीट की बात करें तो यहां से आप के पंकज पुष्कर को जीत मिली थी। भाजपा को केवल तीन सीटें मिलीं जबकि कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई। इसी तरह 2020 में हुए विधानसभा चुनावों में एक बार फिर आप ने अपना दबदबा कायम रखा। पार्टी ने 62 सीटें जीतकर भाजपा और कांग्रेस को करारी शिकस्त दी। भाजपा केवल आठ सीटों पर सिमट गई, जबकि कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी। वही, तिमारपुर सीट से आप के दिलीप पांडे ने जीत हासिल की थी।

वर्ग पहेली 5628

संकेत: बाएं से दाएं
9. 1893 को अमेरिका में यहां विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद ने कट्टरता, सहिष्णुता और सभी धर्मों में निहित सच्चाई पर ऐतिहासिक भाषण दिया था (3)
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में एक द्वीप समूह जिसकी राजधानी माले है (4)
6. यह वृक्ष सबसे अधिक आक्सीजन देता है (3)
8. वह प्राणी जो पुरुष जाति का हो (2)
9. लगातार चलते रहने का क्रम (2)
11. भेजा गया, प्रस्थित (3)
12. एक प्रसिद्ध वाद्य जो शंकर भगवान को प्रिय था (3)
14. मुझे (मराठी)(2)
15. पालने वाला (3)
17. ग्राम, खेड़ा, छोटी बस्ती (2)
18. गुजरात के एक प्रधान नगरी जो हिंदू धर्म मानने वालों के चार धामों में से एक है (3)
21. काजल, अंजन (4)
22. क्रिकेट में गेंदबाजी की एक तकनीक (3)
23. पराग के कण, गर्द, धूल (2)

संकेत: ऊपर से नीचे
9. शिव का प्रलय नाच (5)
2. ग्वालिन, गोपिका, छिपने वाला (2)
3. माल ढोने वाला, माल ले जाने वाला (5)
4. दयनीय अवस्था, गरीब, दरिद्र (2)
5. वह माला जो वधू द्वारा वर को गले में पहनाई जाए (4)
7. पख, किंतु, लेकिन, डैना (2)
10. मनोविकार, दोष, परेशान, व्याकुल (2)
13. टीवी धारावाहिक महाभारत में द्रोपदी की भूमिका निभाने वाली लोकप्रिय कलाकार (5)
14. अहिरावण का एक द्वारपाल जो पुराणानुसार हनुमान का पुत्र माना गया है (5)
16. प्रेम, प्यार, इश्क, मुहब्बत (अंग्रेजी) (2)
18. इसे वैश्य युग कहा गया है (3)
19. कार्य, काम, बटन का घर (2)
20. वातग्रस्त से व्यक्ति, लगड़ा, शक्तिहीन (2)

वर्ग पहेली 5627 का हल

गो	धि	द	व	छु	भ	घं	त
द		वा	र		ला	त्र	त
सू	ना		द	म		त	
नी	म		धि	ति	ज्ञ		ज्ञा
र		गु	ण्ण		ल	कु	ट
ह	ला	ल		आ	दे	श	
ज्ञा		ज्ञा	वा		व		ली
ना	ह	र		सु	ता	र	

1954 से लेकर 2025... कुंभ में कब-कब मची भगदड़?

(अनिल कुमार)

प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ मचने से 30 लोगों की मौत हो गई और 90 लोग घायल हो गए। बैरिकेड टूटने और भीड़ की वजह से यह हादसा हुआ। पहले भी कई बार महाकुंभ में इस तरह की भगदड़ हो चुकी है। 1954, 1986, 2003 और 2013 में भी भगदड़ के कारण कई लोगों की जान जा चुकी है।

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार अखाड़ा मार्ग भीड़ बढ़ने का कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने बताया कि भीड़ की वजह से बैरिकेड टूट गया। इससे वहां आसपास नीचे सोए श्रद्धालुओं पर अन्य लोग चढ़ गए। हालांकि, यह पहली बार नहीं है कि महाकुंभ में इस तरह की भगदड़ में लोगों की मौत हुई हो। जानते हैं 1954 से लेकर 2025 में कुंभ मेले में कब-कब भगदड़ में श्रद्धालुओं को जान गंवानी पड़ी।

1954 के कुंभ मेले में 800 लोगों की मौत – आज़ादी के बाद पहली बार कुंभ मेला आयोजित किया गया था। भारत के लिए एक ऐतिहासिक घटना थी, लेकिन इसे एक त्रासदी के रूप में भी याद किया जाता है। 3 फरवरी 1954 को, इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में कुंभ मेले में मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर पवित्र स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। उसी समय भगदड़ मच गई। लगभग 800 लोग नदी में डूबकर मर गए।

1986 – हरिद्वार कुंभ में मची भगदड़ – 1986 में हरिद्वार में कुंभ मेले में एक दुखद भगदड़ मची। इसमें कम से कम 200 लोगों की जान चली गई। यह अराजकता तब फैली जब तत्कालीन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और सांसदों के साथ हरिद्वार पहुंचे। जब सुरक्षाकर्मियों ने आम लोगों को नदी के किनारे जाने से रोक दिया, तो भीड़ बेचैन हो गई और बेकाबू हो गई। इससे एक जानलेवा भगदड़ मच गई।

2003– नासिक कुंभ – 2003 में महाराष्ट्र के नासिक में भगदड़ मच गई थी। इसमें दर्जनों लोग मारे गए थे। उस समय हजारों तीर्थयात्री कुंभ मेले के दौरान पवित्र स्नान के लिए गोदावरी नदी पर एकत्र हुए थे। भगदड़ में महिलाओं सहित कम से कम 39 लोग मारे गए थे। हादसे में 100 से अधिक लोग घायल हुए थे।

2013– इलाहाबाद स्टेशन पर भगदड़ – 10 फरवरी 2013 को कुंभ मेले के दौरान इलाहाबाद रेलवे स्टेशन पर एक फुटब्रिज के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी। इससे बड़े पैमाने पर अफरातफरी मच गई थी। इस त्रासदी में 42 लोगों की जान चली गई थी और 45 अन्य घायल हो गए थे।

2025 –महाकुंभ में भीड़ में भगदड़ – प्रयागराज में ब्रह्म मुहूर्त से पूर्व प्रातः एक बजे से 2 बजे के बीच मेला क्षेत्र में अखाड़ा मार्ग पर भारी भीड़ का दबाव बना। भीड़ के दबाव के कारण दूसरी ओर के बैरीकेड्स टूट गए। लोग बैरीकेड्स लांघकर दूसरी तरफ आ गए और ब्रह्म मुहूर्त पर स्नान का इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं को कुचलना शुरू कर दिया। हादसे में 30 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 90 लोग घायल हो गए।

आज का राशिफल

मेष

आज का दिन करियर में सफलता दिलाने वाला है। व्यापार में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। करियर में तरक्की के योग हैं और कोई बड़ी डील भी हो सकती है। भौतिक विकास के भी अच्छे संकेत हैं। व्यापार में मनचाही सफलता मिलने की उम्मीद है।

वृष

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके लिए कहीं बाहर यात्रा पर जाने के योग हैं। तरक्की के साथ-साथ कानूनी विवाद में भी सफलता मिलेगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। धन और सम्मान में वृद्धि होगी, जिससे पूरा दिन शानदार रहेगा। कानूनी विवाद में जीत से खुशी मिलेगी।

मिथुन

आज दिन रचनात्मक कार्यों के लिए अच्छा है। किसी क्रिएटिव काम में सफलता मिलेगी और लोग आपकी बात मानेंगे। कलात्मक काम में पूरा दिन बिता सकते हैं। आज आपको वो काम करने का मौका मिलेगा जो आपको सबसे ज्यादा पसंद है।

कर्क

आज दिन काफी रचनात्मक रहेगा। हर काम में भाग्य का साथ मिलेगा। अधूरे काम पूरे होंगे और महत्वपूर्ण बातचीत होगी। ऑफिस में आपके विचारों के अनुसार माहौल बनेगा और सहकर्मी मदद करेंगे।

सिंह

आज दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा। धर्म-कर्म और अध्यात्म में रुचि रखने वालों को पढ़ाई-लिखाई से लाभ होगा और योजनाएं सफल होंगी। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं।

कन्या

आज दिन करियर के लिहाज से अच्छा रहेगा। हर काम में सावधानी बरतने की सलाह है। तरक्की होगी और मन प्रसन्न रहेगा। दूसरों से टकराव से बचें। किसी शुभ कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास से काम करें।

तुला

आज दिन काफी फायदेमंद रहेगा। कार्यक्षेत्र से जुड़े सभी विवाद सुलझ सकते हैं। लंबे समय से रुका हुआ कोई प्रॉजेक्ट पूरा हो सकता है। व्यापार में योजनाएं सफल होंगी। कोई नया काम शुरू हो सकता है और व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा।

वृश्चिक

आज दिन आर्थिक मामलों में लाभदायक रहेगा। दिनभर लाभ के अवसर मिलेंगे, इसलिए सक्रिय रहें। परिवार में सुख-शांति बढ़ेगी। नौकरी या व्यापार में कुछ नया करने से आगे चलकर फायदा होगा। काम में नई ऊर्जा आएगी। धन और सम्मान में वृद्धि होगी और योजनाएं सफल होंगी।

धनु

आज दिन सावधानी और सतर्कता का है। व्यापार में लाभ होगा। रोजमर्रा के कामों के अलावा कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए पैसे का इंतजाम करना पड़ सकता है। नए अवसर आपके आसपास हैं, उन्हें पहचानें। योजनाएं सफल होंगी और मनचाही सफलता के लिए धन की प्राप्ति होगी।

मकर

आज दिन सामान्य रहेगा। साझेदारी में किया गया व्यापार फायदेमंद रहेगा। घरेलू कामों को निपटाने का अच्छा मौका है। बच्चों के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ईमानदारी और नियमों का पालन करें। कई काम एक साथ आने से बेचैनी बढ़ सकती है। प्रफेशनल लाइफ बेहतर होगी। मकर राशि वालों के लिए दिन सामान्य रहेगा।

कुंभ

आज दिन करियर के लिहाज से अच्छा रहेगा। सेहत का ध्यान रखें, वरना नुकसान हो सकता है। खानपान में लापरवाही न करें। व्यापार के मामले में दिन अच्छा रहेगा। जल्दबाजी में कोई गलती हो सकती है, इसलिए सोच-समझकर काम करें। रुका हुआ धन मिल सकता है।

मीन

आज दिन लाभदायक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने से अच्छे परिणाम मिलेंगे। परेशानियों को धैर्य और शांत स्वभाव से सुलझाएं। बुद्धिमानी से आप वह सब पा सकते हैं, जिसकी आपको कमी रही है। किसी जरूरतमंद की मदद करने से पुण्य मिलेगा और मन प्रसन्न रहेगा।

संक्षिप्त समाचार

ठाणे में अवैध रूप से रह रहीं बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार, मकान मालिक की तलाश

ठाणे, एजेंसी। महाराष्ट्र के ठाणे शहर में अवैध रूप से रह रहीं बांग्लादेशी चार महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अवैध प्रवासियों को किराए पर अपना मकान देने वाले मालिक की तलाश की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने मंगलवार शाम मनोरपाड़ा में स्थित नगर निकाय के पुनर्वास 'चॉल' पर छापा मारा। उन्होंने बताया कि वहां एक कमरे में 38 से 50 साल की उम्र की चार बांग्लादेशी महिलाएं रह रही थीं। जांच के दौरान वे भारत में रहने के लिए कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सकीं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने उन चारों महिलाओं को गिरफ्तार करने के बाद उनके और मकान मालिक के खिलाफ संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

नोएडा में जीप से कुचलकर 15 वर्षीय लड़के की मौत

नोएडा, एजेंसी। नोएडा सेक्टर-145 के निकट एक तेज रफ्तार बोलेरो जीप ने 15 वर्षीय लड़के को कुचल दिया, जिसके बाद घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान नलगढ़ा गांव के निवासी आरुष के रूप में हुई है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि सोमेश नामक व्यक्ति ने बीती रात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 जनवरी को शाम के समय उनका बेटा आरुष सेक्टर 145 मेट्रो स्टेशन के पास सर्विस रोड पर पैदल जा रहा था, तभी काले रंग की तेज रफ्तार बोलेरो जीप ने उसे टक्कर मार दी, जिसके बाद घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मीडिया प्रभारी ने कहा कि पीड़ित ने पुलिस को बोलेरो का पंजीकरण नंबर बताया है, उसके आधार पर वाहन चालक की तलाश जारी है।

मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े सात लोग गिरफ्तार

इंफाल, एजेंसी। सुरक्षा बलों ने पिछले दो दिन में प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े सात लोगों को मणिपुर के विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने यहां एक बयान में बताया कि प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के तीन सदस्यों और 'यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट-कोइरेंग' (यूएनएलएफ-के) के एक सक्रिय सदस्य को मंगलवार को तेंगनौपाल जिले में भारत-म्यांमा सीमा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने प्रतिबंधित 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी' के दो सदस्यों को बुधवार को गिरफ्तार किया। उन्हें इंफाल के पाओना बाजार क्षेत्र में जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। बयान में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने बुधवार को थौबल जिले के तेंथा इलाके से 'पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (पीआरओ) के भी दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया।

घरेलू कामगारों के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए बने कानून, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से समिति बनाने के लिए कहा

नईदिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार से घरेलू कामगारों की चिंताओं और अधिकारों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने के लिए एक कानूनी ढांचा पेश करने की आवश्यकता पर विचार करने को कहा। शीर्ष अदालत ने कहा कि सरकार आज अदालत द्वारा गठित की जाने वाली समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट सौंपने के बाद कानून पारित करने पर विचार कर सकती है। घरेलू कामगारों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए, अदालत ने श्रम और रोजगार मंत्रालय को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, महिला और बाल विकास मंत्रालय और कानून और न्याय मंत्रालय के समन्वय से संयुक्त रूप से गठन करने का निर्देश दिया है। विषय विशेषज्ञों वाली समिति घरेलू कामगारों के अधिकारों के लाभ, सुरक्षा और विनियमन के लिए एक कानूनी ढांचे की सिफारिश करने की वांछनीयता का आकलन करेगी। विशेषज्ञ समिति की संरचना भारत सरकार और उसके संबंधित मंत्रालयों के विवेक पर छोड़ दी गई है।

यूट्यूब से ट्रेनिंग, पत्नी के बॉस की कार उड़ाया; अफेयर के शक में पति ने की वारदात

दुर्ग, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक हैरान कर देने वाली वारदात सामने आई है। एक 42 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी पत्नी के बॉस की कार में बम धमाका कर दिया। यह बम धमाका उसने रिमोट कंट्रोल से किया। आरोपी को संदेह था कि उसकी पत्नी का उसके बॉस के साथ अफेयर है। गनीमत यह रही कि विस्फोट के समय खड़ी कार के अंदर कोई नहीं था, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। आरोपी का नाम देवेंद्र सिंह है। उसने अपनी पत्नी के बॉस की कार में रिमोट कंट्रोल बम से उड़ा दी। यह घटना मंगलवार को भिलाई शहर में हुई। गनीमत रही कि कार में कोई मौजूद नहीं था, लेकिन धमाके से गाड़ी को काफी नुकसान हुआ।

हिमाचल में शीतलहर से होगा फरवरी का आगाज; बारिश-बर्फवारी का अलर्ट जारी

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश में सर्दी का कहर बढ़ने वाला है। आज बुधवार को मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। प्रदेश के उच्च पर्वतीय इलाकों में बादल छाए हैं। वहीं शिमला, मनाली और मैदानी क्षेत्रों में भी मौसम खराब बना हुआ है। जनजातीय इलाकों में आज से बर्फबारी का दौर शुरू होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने एक हफ्ते बादलों के बरसने का अनुमान जताया है, जिससे राज्य भर में फरवरी की शुरुआत कड़ाके की ठंड, बर्फबारी और तेज अंधड़ के साथ होगी।

इसके चलते आगामी चार फरवरी तक प्रदेश में मौसम खराब रहने के आसार हैं। 31 जनवरी और 1 फरवरी को अंधड़ और बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार 1 फरवरी से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे शिमला, चंबा, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और कांगड़ा के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी के आसार बनेंगे। वहीं हिल स्टेशनों शिमला, कुफरी, मनाली और डलहौजी में बर्फ की सफेद चादर बिछ सकती है।

बर्फबारी और अंधड़ से बढ़ सकती हैं मुश्किलें : मौसम विभाग के अनुसार फरवरी के पहले हफ्ते में पश्चिमी विक्षोभ के कारण भारी बर्फबारी और तेज़ हवाओं का दौर शुरू होगा। इससे ऊंचे इलाकों में जहां बर्फबारी होगी वहीं निचले और मैदानी इलाकों में बारिश के साथ तेज़ हवाएं चलेंगी। आसमानी बिजली गिरने का भी अलर्ट जारी किया गया है। इस कारण लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। दो से चार फरवरी तक बर्फबारी और बारिश का दौर जारी रहेगा।

जनवरी में बारिश रही बेहद कम, तापमान ने तोड़े रिकॉर्ड : इस साल जनवरी में हिमाचल प्रदेश में बारिश बेहद कम हुई है। 1 से 28 जनवरी के बीच राज्य में सामान्य से 81 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई। इस अवधि में सामान्य रूप से 75.5 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन इस बार महज 14.7 मिमी ही दर्ज हुई। प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश की भारी कमी दर्ज की गई है। बिलासपुर में 94 फ़ीसदी चंबा में 83 फीसदी, हमीरपुर में 93 फ़ीसदी कांगड़ा में 93 फ़ीसदी, किन्नौर में 92 फीसदी, कुल्लू में 73 फीसदी, लाहौल-स्पीति में 71 फीसदी, मंडी में 83 फ़ीसदी, शिमला में 79 फ़ीसदी, सिरमौर में 78 फ़ीसदी, सोलन में 92 फीसदी और ऊना में 95 फीसदी कम बारिश हुई है।

तापमान में उछाल, कई शहरों में टूटे रिकॉर्ड : बारिश की कमी और धूप खिलने के कारण प्रदेश के कई शहरों में अधिकतम तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। ऊना में जनवरी के अधिकतम तापमान ने 34 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। जनवरी 1991 में यहां का अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री दर्ज हुआ था, जबकि इस मंगलवार को यह 27.6 डिग्री तक पहुंच गया। शिमला और कांगड़ा में भी अधिकतम तापमान बढ़ा है। शिमला में जनवरी 2018 में अधिकतम तापमान 20.6 डिग्री था, जबकि इस बार यह 20.2 डिग्री रहा। इसी तरह कांगड़ा में जनवरी 2018 में तापमान 24.5 डिग्री था, जो मंगलवार को 24.4 डिग्री दर्ज किया गया।

अंबेडकर की प्रतिमा से छेड़छाड़ पर गरमाई सियासत, अठावले बोले- मामले की होनी चाहिए जांच

मुंबई, एजेंसी। डॉ. बीआर अंबेडकर की मूर्ति तोड़े जाने पर केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर ने दलितों की भलाई के लिए काम किया। उनकी मूर्ति तोड़ी गई लेकिन उनकी विचारधारा मजबूत है...मामले की जांच होनी चाहिए इसकी जांच होनी चाहिए कि यह किसकी योजना थी। मैं सीएम से बात करने जा रहा हूं कि आरोपियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए... मैं अधिकारियों से बात करूंगा और एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करूंगा... मैं बर्बरता के इस कृत्य की निंदा करता हूं ...सीएम भगवंत मान पंजाब में स्थितियों को ठीक से संभाल नहीं पा रहे हैं और संभाल भी चुके हैं।

आठवले ने कहा कि यह एक गंभीर घटना है। दोषी व्यक्ति को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। राज्यसभा सदस्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि आंबेडकर द्वारा तैयार संविधान केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में खतरे में है। उन्होंने कहा, ÷संविधान सुरक्षित है। लेकिन राहुल गांधी और उनकी पार्टी को लगता है कि उनका अस्तित्व खतरे में है। आठवले ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की उस टिप्पणी को लेकर उन पर 'हिंदू धर्म का अपमान÷ करने का आरोप लगाया जिसमें उन्होंने कहा था कि गंगा में डूबकी लगाने से गरीबी खत्म नहीं होगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के महाकुंभ दौरे को लेकर उन पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि शाह के गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर नहीं होगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगी ने कहा, मुझे लगता है कि भाजपा जीतने जा रही है क्योंकि दिल्ली के लोग पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली 'आप' से तंग आ चुके हैं।

केजरीवाल पर सोनीपत में दर्ज हुआ केस, यमुना में जहर मिलाने वाले बयान ने बढ़ाईं मुश्किलें

सोनीपत, एजेंसी। आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सोनीपत में केस दर्ज हुआ है। उनके खिलाफ यह केस यमुना में हरियाणा सरकार द्वारा जहर मिलाने वाले बयान पर दर्ज हुआ है। इससे एक बार फिर केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। इस मामले में हरियाणा सरकार ने सोनीपत में चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की कोर्ट में डिजास्टर मैनेजमेंट की धारा 2 डी,154 के तहत केस दर्ज करवा दिया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सोनीपत जिला अदालत में केजरीवाल के खिलाफ शिकायत दी थी।

केजरीवाल का बयान बेतुका और भ्रमित करने वाला : हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने यह जानकारी चण्डीगढ़ स्थित सचिवालय में दी। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अरविंद केजरीवाल का बयान बेतुका और भ्रमित करने वाला है। हरियाणा पर इस प्रकार का आरोप लगाकर केजरीवाल ने घटिया राजनीति की है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री ने कहा कि जो पानी दिल्ली को सप्लाई किया जा रहा है।

केजरीवाल दलितों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ, केवल झूठे वादे करते हैं, आप प्रमुख पर राहुल गांधी की सीधा वार

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली चुनाव को लेकर बवाना में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि पहले अरविंद केजरीवाल छोटी कार में शहर में घूमते थे, बिजली के खंभों पर चढ़ते थे। उन्होंने कहा था कि मैं स्वच्छ राजनीति लाऊंगा। उसके बाद दिल्ली में सबसे बड़ा घोटाला--करोड़ों रुपये का शराब घोटाला, उनकी पार्टी ने, उनके लोगों ने किया। उन्होंने कॉरपोरेट सरकार चलाई है। पांच साल पहले, अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि वह यमुना नदी में स्नान करेंगे और यमुना नदी का पानी पीएंगे। पांच साल हो गये, आज तक केजरीवाल जी ने यमुना का पानी नहीं पिया। राहुल कहा साफ तौर पर कहा कि लोगों को गंदा पानी पीना पड़ता है लेकिन केजरीवाल जी शीशमहल में रहते हैं। वह करोड़ों रुपए के घर में रहते हैं। वह साफ पानी पीते हैं और आपको गलत बयान देते हैं। राहुल ने कहा कि हम रोजगार, विकास और प्रगति की बात करते हैं। आपको याद होगा कि शीला दीक्षित के शासनकाल में दिल्ली में सड़कें बनी थीं। विकास हुआ। हमने झूठे वादे नहीं किये। केजरीवाल जी और मोदी जी दोनों झूठे वादे करते हैं। केजरीवाल जी ने दिल्ली से वादा किया था कि वे यमुना नदी को साफ़ करेंगे और उसका पानी पियेंगे। मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि आज जाकर यमुना नदी का पानी पीएं। कांग्रेस और अरविंद केजरीवाल में यही अंतर

है। केजरीवाल जी हमेशा झूठे वादे करते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पानी की समस्या है। लोगों को महंगा पानी खरीदकर पीना पड़ता है। लेकिन मीडिया इस बारे में कभी नहीं दिखाता। हिंदुस्तान का मीडिया जनता की आवाज उठाता ही नहीं है। आपको टीवी पर अंबानी जी की शादी दिख जाएगी, लेकिन किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों की समस्याएं नहीं दिखेंगी। टीवी में 24 घंटा बस नरेंद्र मोदी का चेहरा और नफरत की बातें देखने को मिलेंगी। कांग्रेस नेता ने सवाल करते हुए कहा कि मैं केजरीवाल जी से पूछना चाहता हूं। आप आरक्षण को 50 प्रतिशत से ज्यादा करना चाहते हैं या नहीं? लेकिन मैं गारंटी देता हूं- केजरीवाल जी ऐसा कभी नहीं कहेंगे, क्योंकि अरविंद केजरीवाल और नरेंद्र मोदी आरक्षण के खिलाफ हैं। जब बटुक के लोगों ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की तब केजरीवाल जी कहां थे? क्या केजरीवाल जी आपके लिए लड़े? क्या केजरीवाल जी आपके साथ खड़े रहे? सच्चाई यही है कि केजरीवाल दलितों, अल्पसंख्यकों और गरीबों के खिलाफ हैं।

दिल्ली चुनाव के बीच बोले बृजभूषण सिंह, केजरीवाल धूर्त आदमी, अखिलेश यादव को नहीं करना चाहिए उनका समर्थन : झनईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली चुनाव को लेकर बीजेपी के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा है। बृजभूषण शरण सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल एक धूर्त आदमी हैं। उन्होंने कहा कि मेरी राय में, अखिलेश यादव को उनका समर्थन नहीं करना चाहिए था। उन्होंने दावा किया कि इस बार बीजेपी बहुत अच्छी तरह से लड़ रही है। दिल्ली के मूल नागरिक अरविंद केजरीवाल के झूठ से तंग आ चुके हैं, अब क्योंकि वह कहते हैं।

एकनाथ शिंदे को ठाणे में ही टेंशन देने की भाजपा ने ठानी, मंत्री लगाएंगे जनता दरबार, बढ़ रही दरार

मुंबई, एजेंसी। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में पूरे ढाई साल तक भाजपा और शिवसेना की सरकार चली थी। लेकिन नई सरकार में समीकरण बदले तो हालात भी बदल चुके हैं। अब भाजपा ड्राइविंग सीट पर है और एकनाथ शिंदे डिप्टी सीएम हैं। यही नहीं एकनाथ शिंदे की तमाम नाराजगी और रस्साकशी के बाद भी उनकी पसंद के मंत्रालय उन्हें नहीं मिल पाए। अब उनके सामने एक और मुश्किल खड़ी हो गई है। भाजपा उनके गढ़ कहे जाने वाले ठाणे में अपना जनाधार बढ़ाना चाहती है और इसके लिए खुलकर बैटिंग शुरू कर दी है। भाजपा के मंत्री गणेश नाइक ने बुधवार को कहा कि हम चाहते हैं कि ठाणे में कमल खिले। भाजपा का यह उत्साह और ठाणे को लेकर प्लान एकनाथ शिंदे के लिए टेंशन भरा है, जो उद्धव ठाकरे से बागी होकर सीएम बने थे और अब उनका ही गुट शिवसेना नाम से पार्टी चला रहा है। ठाणे के प्रभारी मंत्री एकनाथ शिंदे हैं। इसलिए वहां विकास के मामलों और जनहित से जुड़े किसी विषय पर एकनाथ शिंदे ही सुनवाई करते हैं। अब यहां गणेश नाइक भी जनता दरबार लगाना चाहते हैं। वह पड़ोस के पालघर जिले के प्रभारी मंत्री हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि वह ठाणे में भी जनता दरबार लगाएंगे। नवी मुंबई से आने वाले नाइक वन मंत्री भी हैं। उनका कहना है कि वह तीन महीने में एक बार ठाणे में जनता दरबार लगाएंगे। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग मुझसे मिल सकते हैं और अपनी समस्याएं बता सकते हैं। शिवसेना से जुड़े लोगों का कहना है कि यह सब इसलिए हो रहा है ताकि एकनाथ शिंदे को कमजोर किया जा सके। हम ऐसा नहीं होने देंगे। चुनाव नतीजे आने के बाद से ही खींचतान जारी है। एकनाथ शिंदे की रस्साकशी को भाजपा भूली नहीं है। इसके अलावा नासिक और रायगढ़ के प्रभारी मंत्रियों को लेकर भी शिंदे ने ऐतराज जताया था और फिर फैसले पर ही रोक लगानी पड़ी। अब नाइक ने एकनाथ शिंदे को नई टेंशन देते हुए ठाणे में सक्रियता का ऐलान किया है। इसका जवाब भी एकनाथ शिंदे गुट ने तुरंत ही दिया है। टूरिज्म मिनिस्टर शंभूराज देसाई ने कहा कि गणेश नाइक ने यह कदम सोच-समझकर उठाया है।

जोड़ा पहनकर आईं टीचर, छात्र से भरवा ली मांग

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल के एक सरकारी विश्वविद्यालय में कक्षा में एक छात्र से 'शादी' करने का महिला प्रोफेसर का वीडियो वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है, जिसके बाद बुधवार को जांच के आदेश दिए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रोफेसर ने हालांकि दावा किया कि यह एक नाटक था जो उनके विषय की पढ़ाई का हिस्सा था। अधिकारियों ने कहा कि यह मामला नादिया जिले के हरिंगहाटा में मौलाना अबुल कलाम आजाद प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग का है।

वीडियो में दुल्हन की तरह सजी प्रोफेसर और प्रथम वर्ष के छात्र को कक्षा में सिंदूर दान और माला बदल (जयमाला) समेत हिंदू बंगाली शादी के विभिन्न रीति-रिवाज निभाते देखा जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि वीडियो के वायरल होने पर विवाद खड़ा हो गया, जिसके बाद विश्वविद्यालय ने तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया और प्रोफेसर से स्पष्टीकरण मांगा है।

उन्होंने बताया कि प्रोफेसर ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों को बताया कि यह एक 'साइको-ड्रामा' था, जो उनके विषय की पढ़ाई का हिस्सा था और इसमें कुछ भी वास्तविक नहीं है। प्रोफेसर ने दावा किया कि वीडियो केवल विभाग के लिए ही रिकॉर्ड किया गया था और मनोविज्ञान विभाग की छवि को खराब करने के इरादे से इसे लीक कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जांच पूरी होने तक प्रोफेसर को छुट्टी पर जाने के लिए कह दिया गया है। एमएकेएयूटी के कार्यवाहक कुलपति तापस चक्रवर्ती ने कहा, प्रोफेसर ने स्पष्ट किया है कि यह उनके विषय की पढ़ाई का एक हिस्सा था। वीडियो बाहरी प्रसार के लिए नहीं था। उन्होंने बताया कि एक समिति मामले की जांच कर रही है जिसमें अन्य विभागों की तीन महिला संकाय सदस्य शामिल हैं। प्रोफेसर ने कहा कि यह फेशर्स पार्टी से जुड़े हुए प्रोजेक्ट की योजना का हिस्सा था और गलत तरीके से दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि वीडियो को जानबूझकर उनकी छवि खराब करने के लिए लीक किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि वह इस लीक के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करा सकती है।

महाराष्ट्र सरपंच हत्याकांड मामले में धनंजय मुंडे को इस्तीफा देना चाहिए : सुप्रिया सुले

मुंबई, एजेंसी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा कि बीड सरपंच हत्या मामले को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे धनंजय मुंडे को 'नैतिकता के आधार' पर मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की जघन्य हत्या को 50 दिन बीत चुके हैं, लेकिन मुंडे के करीबी सहयोगी पर उंगलियां उठने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार से राकांपा मंत्री को बर्खास्त नहीं किया गया है। मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है। मुंडे वर्तमान में देवेंद्र फडणवीस नीत मंत्रिमंडल में खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग संभाल रहे हैं। पुलिस के अनुसार मासाजोग के सरपंच संतोष देशमुख को नौ दिसंबर को बीड जिले में एक ऊर्जा कंपनी से जबरन वसूली की कोशिश को रोकने का प्रयास करने को लेकर अगवा कर लिया गया, उन्हें प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

कराड को जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है और वह न्यायिक हिरासत में है। उन्होंने कहा, ''अनिल देशमुख ने 100 करोड़ रुपये की रिश्वत के आरोप लगने के बाद गृह मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। नवाब मलिक, छगन भुजबल को अफवाहों के आधार पर गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया।'' अनिल देशमुख, शरद पवार की पार्टी राकांपा (एसपी) से हैं, भुजबल और मलिक उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पार्टी राकांपा से हैं। धनंजय मुंडे भी अजित पवार की पार्टी से हैं। बारामती की सांसद सुले ने दावा किया कि सत्तारूढ़ भाजपा नीत महायुति गठबंधन के नेता भी चाहते थे कि मुंडे इस्तीफा दे दें। उन्होंने कहा, ''अगर मैं मंत्री होती और मेरी पार्टी 50 दिनों तक इस तरह सुर्खियों में रहती तो मैं नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देती। मैं पीछे हट जाती और अपनी पार्टी से कहती कि मैं पार्टी को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए आई हूं, न कि अपनी पार्टी को इस तरह नुकसान पहुंचाते हुए देखना चाहती हूं।'' सुले ने कहा, ''लाभ का पद संबंधी आरोपों के बाद सोनिया गांधी ने तुरंत इस्तीफा दे दिया था। वह मंत्री भी नहीं थीं।'' कांग्रेस नेता एवं तत्कालीन सांसद सोनिया गांधी पर आरोप था कि राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की अध्यक्ष होने के नाते वह लाभ के पद पर है।

नेशनल गेम्सः

राष्ट्रीय खेलों में पहले दिन कर्नाटक का रहा दबदबा, 14 वर्षीय देसिंघु ने तरणताल में मचाई धूम

देहरादून, एजेंसी। पहला दिन निश्चित रूप से कर्नाटक की देसिंघु के नाम रहा जिन्होंने महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में दो मिनट और 3.24 सेकंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाली भारत की

सबसे युवा खिलाड़ी चौदह वर्षीय धीनिधि देसिंघु ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय खेलों की तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीतकर सुर्खियां बटोरीं जबकि कर्नाटक पांच स्वर्ण पदक जीतकर पहले दिन पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। कर्नाटक ने पहले दिन सात पदक (पांच स्वर्ण, दो रजत) जीते जबकि मणिपुर (चार स्वर्ण, चार रजत) दूसरे और महाराष्ट्र (दो स्वर्ण, तीन रजत, तीन कांस्य) तीसरे स्थान पर है।

पहला दिन निश्चित रूप से कर्नाटक की देसिंघु के नाम रहा जिन्होंने महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में दो मिनट और 3.24 सेकंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। कर्नाटक की इस तैराक ने इसके अलावा महिलाओं की 100 मीटर बटरफ्लाई और 4म100 मीटर फ्रीस्टाइल में भी स्वर्ण पदक जीते। पेरिस ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने हल्द्वानी के गोलापार में मानसखंड तरणताल में तैराकी प्रतियोगिताओं के शुरुआती दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल और पुरुषों की 4म100 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीते।

महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में दिल्ली की भव्या सचदेवा (2ः08.68) और महाराष्ट्र की अदिति सतीश हेगड़े (2ः09.74) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। महिलाओं की 100 मीटर बटरफ्लाई में देसिंघु ने 1ः03.62 का समय निकाला और दिन में दूसरी बार पोडियम के शीर्ष पर पहुंची। कर्नाटक की ही नायशा शेट्टी (1ः04.81) ने रजत जबकि ओडिशा की सृष्टि उपाध्याय (1ः05.20) ने कांस्य पदक जीता। देसिंघु ने इसके बाद नीना वेंकटेश, शालिनी आर दीक्षित और लतीशा मंधाना के साथ मिलकर 4:01.58 के समय के साथ कर्नाटक को महिलाओं की 4म100 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक दिलाया।

महाराष्ट्र (4:02.17) और तमिलनाडु (4:08.81) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। कर्नाटक ने पुरुषों की 4म100 मीटर फ्रीस्टाइल में श्रीहरि नटराज, अनीश एस गौड़ा, आकाश मणि और चिनतन एस शेट्टी की टीम के साथ 3:26.26 का समय लेकर राष्ट्रीय खेलों का नया रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु (3:29.92) और गुजरात (3:32.23) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किया।

रंजी ट्राफीः

शार्दुल ठाकुर ने अब गेंद से बरपाया कहर, मेघालय के खिलाफ हैट्रिक ली

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने गुरुवार (30 जनवरी) को मुंबई के शरद पवार क्रिकेट एकेडमी बीकेसी में रणजी ट्रॉफी 2024-25

मैच के पहले दिन मेघालय के खिलाफ हैट्रिक लेकर कहर बरपाया। मेघालय के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लेने वाली मुंबई की ओर से गेंदबाजी की शुरुआत करते हुए शार्दुल ठाकुर ने पहले ओवर में ओपनर निशांत चक्रवर्ती को चौथी गेंद पर पहला विकेट लिया। पारी के तीसरे ओवर आखिरी तीन गेंदों पर विकेट लेकर हैट्रिक पूरी की।

भारत-इंग्लैंड टी-20ः

भारतीय टीम को रहना होगा अलर्ट...

पुणे में फिर पलटवार कर सकती है इंग्लैंड

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम इस समय अपने घर में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है. अब तक तीन मुकाबले हो चुके हैं, जिसमें भारतीय टीम 2-1 से आगे है. अब चौथा मुकाबला शुक्रवार (31 जनवरी) को खेला जाएगा. यह मैच पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में होगा. तीसरे मैच में भारतीय टीम को 26 रनों से हार झेलनी पड़ी थी. यह मुकाबला राजकोट में हुआ था. मगर अब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम के लिए एक और खतरे की घंटी बज गई है. यह पुणे स्टेडियम में भारतीय टीम का रिकॉर्ड है.

दरअसल, पुणे के इस मैदान पर भारतीय टीम ने अब तक 4 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें से 2 में जीत मिली है, जबकि 2 में टीम इंडिया को हार झेलनी पड़ी है. इसमें भी

एक खास बात ये है कि इस मैदान पर भारतीय टीम जो आखिरी टी20 मैच खेला था, उसमें उसे हार झेलनी पड़ी थी.

पुणे में पिछला मैच हारी थी टीम इंडिया

टीम इंडिया ने पुणे में आखिरी टी20 मैच 5 जनवरी 2023 को श्रीलंका के खिलाफ खेला था. इस मैच में भारतीय टीम को 16 रनों से हार झेलनी पड़ी थी. ऐसे में यदि सूर्या ब्रिगेड ने पिछले मैच से सबक लेते हुए सुधार नहीं किए तो पुणे में टीम को हार का मुंह देखना पड़ा सकता है. यानी राजकोट के बाद इंग्लैंड फिर से पलटवार कर सकती है. इंग्लिश टीम की बात करें तो उसने यहां पुणे के मैदान पर अब तक एक ही मैच खेला है. यह मुकाबला 20 दिसंबर 2012 को हुआ था. यह इस मैदान पर भारत और इंग्लैंड दोनों का पहला ही मैच था. उस मुकाबले में भारतीय टीम को 5 विकेट से जीत मिली थी. इसके बाद भारतीय टीम ने बाकी नौ मैच श्रीलंका के खिलाफ खेले, जिसमें से 2 जीते और एक हारा है.

इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम का पलड़ा भारी

इंग्लैंड के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल में भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा है. दोनों टीमों के बीच अब तक 27 टी20 मुकाबले खेले गए हैं. इसमें भारतीय टीम ने 15 मैच जीते, जबकि 12 में इंग्लैंड को सफलता मिली है. इस तरह जब भी दोनों टीमें आमने-सामने आती हैं, तब भारतीय टीम का पलड़ा ज्यादा भारी दिखा है.

भारत-इंग्लैंड के बीच टी20 में हेड-टू-हेड

कुल टी20 मैच - 27
भारत जीता- 15
इंग्लैंड जीता- 12

टी20 सीरीज के लिए भारत-इंग्लैंड के स्क्वॉड

भारतीय टीमः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उप-कप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वॉशिंगटन सुंदर और ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर).

इंग्लिश टीमः जोस बटलर (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवर्टन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, साकिब महमूद, फिल साल्ट और मार्क वुड.

रिटायरमेंट के 6 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी के प्रोमो में दिखे Dhoni, फैंस बोले- मजा आ गया

नई दिल्ली, एजेंसी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का नया प्रोमो रिलीज हुआ है जिसमें महेंद्र सिंह धोनी का रूप देखकर फैंस बेहद खुश हैं। टीम इंडिया ने आखिरी बार महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में ही साल 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इस ट्रॉफी के साथ ही धोनी तीनों आईसीसी ट्रॉफीज (वनडे, टी20 और चैंपियंस ट्रॉफी) जीतने वाले दुनिया के पहले कप्तान बन गए थे। अब उनकी एक प्रोमो के जरिए वापसी हुई है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने में तीन हफ्ते से भी कम समय रह गया है, ऐसे में पूर्व भारतीय विजेता कप्तान को देखकर फैंस बेहद खुश नजर आए।

प्रोमो जब खुलता है तो दर्शक पाते हैं कि कैसे धोनी बर्फीली हवाओं के बीच बैठे हैं और चैंपियंस ट्रॉफी पर बात करते नजर आते हैं। विज्ञापन में धोनी कहते हैं, जब मैं कप्तान था तो कूल रहना आसान था। लेकिन प्रशंसक बनकर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी देखना? नहीं। भले ही हमारी टीम मजबूत है, भले ही हम यहां एक मैच भी हार जाएं, तो हम बाहर हो जाएंगे। तनाव ने तापमान इतना बढ़ा दिया है। हर मैच करो या मरो का है। इस प्रोमो के दौरान दौरान धोनी को रैफरल लेते हुए भी दिखाया जाता है। तभी एक ट्रक आता है और बहुत सारी बर्फ धोनी पर ओढेलकर चला जाता है।

उक्त प्रोमो पर जमकर कमेंट्स भी आए। जहां कई फैंस ने प्रोमो पर कैप्टन कूल लिखा तो कईयों ने धोनी की इस अदा को सराहा। एक फैन ने लिखा- चैंपियंस ट्रॉफी के प्रचार वीडियो में महान एमएस धोनी, जिन्हें थाला के नाम से भी जाना जाता है, अपने ब्रांड और कौशल का प्रदर्शन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम इस बार रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलने जा रही है। भारत का अभियान बांग्लादेश के खिलाफ मैच से शुरू होगा। लेकिन इससे पहले टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। इस दौरान विराट कोहली और रोहित शर्मा पर बराबर नजरें होंगी। क्योंकि दोनों की हालिया फार्म इतनी अच्छी नहीं है। रोहित का वनडे सीरीज में प्रदर्शन उनका भविष्य भी तय कर सकता है।

हॉकी इंडिया ने प्रो लीग भुवनेश्वर चरण के लिए टीम घोषित की, अंगद, अर्शदीप सीनियर टीम में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण से पहले 32 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की, जो कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे, जबकि उनके साथ डिप्टी हार्दिक सिंह होंगे। भारत अपने अभियान में 15 से 25 फरवरी तक स्पेन, जर्मनी, आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ मैच खेलेगा, जिसमें प्रत्येक टीम के साथ दो-दो मैच खेले जाएंगे। जूनियर टीम और मौजूदा हॉकी इंडिया लीग में प्रभावशाली प्रदर्शन ने 22 वर्षीय अंगद बीर सिंह और 20 वर्षीय अर्शदीप सिंह को आगामी एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया है। टीम में पहली पसंद के गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक के साथ सूरज करकेरा और प्रिंसदीप सिंह शामिल हैं।

जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, कप्तान हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, वरुण कुमार और यशदीप सिवाच डिफेंस में तैनात रहेंगे।

मिडफील्ड में टीम में राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, उप कप्तान हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह और राजिंदर सिंह हैं। आक्रमण में अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, बॉबी सिंह धामी, शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह, अरायजीत सिंह हुंदल, उत्तम सिंह, अंगद बीर सिंह और अर्शदीप सिंह खेलेंगे।

टीम के चयन भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच क्रेग फल्टन ने कहा, एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के आगामी भुवनेश्वर लेग मैचों के लिए हमने जो टीम चुनी है, उससे बेहद खुश हूं। मेरा मानना है कि यह टीम हमें मैच जिता सकती है, सामंजस्य बिठाकर खेल सकती है और सबसे महत्वपूर्ण बात, हॉकी का शानदार ब्रांड खेल सकती है। शिविर में खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण लेने और अपने प्रो लीग अभियान को सही तरीके से शुरू करने के लिए उत्सुक हूं।

टीमः

गोलकीपरः कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा, प्रिंसदीप सिंह,

डिफेंडरः जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, वरुण कुमार, यशदीप सिवाच

मिडफील्डरः राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, राजिंदर सिंह

फॉरवर्डः अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, अंगद बीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, उत्तम सिंह, अर्शदीप सिंह।

जोश इंगलिस ने डेब्यू टेस्ट में ठोका दूसरा सबसे तेज शतक

गाले, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जोश इंग्लिस ने गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के

दूसरे दिन अपने डेब्यू टेस्ट मैच में 93 गेंदों पर 102 रनों की तूफानी पारी खेली। इंग्लिस ने अपना पहला टेस्ट शतक सिर्फ 90 गेंदों पर पूरा किया, जिससे यह क्रिकेट इतिहास में टेस्ट डेब्यू पर दूसरा सबसे तेज शतक बन गया। इससे पहले पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने 2013 में मोहाली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 85 गेंदों पर शतक बनाया था।

पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने वाले दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शानदार अंदाज में गेंद को बैकफुट से पंच करके तीन रन के लिए अपना शतक पूरा किया। हालांकि वह कुछ ही देर बाद आउट हो गए, जब मेहमान टीम 600 के करीब पहुंच रही थी, तब लय बनाए रखने की कोशिश में उन्होंने कवर पर कैच दिया और 93 गेंदों पर 102 रन बनाकर अपनी पारी समाप्त की।

उस्मान ख्वाजा ने टेस्ट में लगाया दोहरा शतक, 38 की उम्र ऐसा करने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई बने

गाले, एजेंसी। उस्मान ख्वाजा टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले 38 साल या उससे अधिक उम्र के दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बनकर महान डोनाल्ड ब्रैडमैन के साथ अपना नाम दर्ज करा लिया। ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ख्वाजा ने गुरुवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला दोहरा शतक लगाया।

ख्वाजा श्रीलंका में दोहरा शतक लगाने वाले एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भी हैं। इससे पहले उन्होंने कोलंबो में 2004 में जस्टिन लैंगर द्वारा बनाए गए 166 रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा था, जो श्रीलंका में किसी ऑस्ट्रेलियाई द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर था। वह 2006 में बांग्लादेश के खिलाफ जेसन गिलेस्पी के प्रसिद्ध 201 नाबाद के बाद एशिया में दोहरा शतक बनाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बन गए। टेस्ट में दोहरा शतक बनाने वाले अन्य खिलाड़ी मैथ्यू हेडन (चेन्नई में भारत के खिलाफ नाबाद 201), डीन जोन्स (1986 में मद्रास में बराबरी पर रहे टेस्ट में भारत के खिलाफ 210), ग्रेग चैपल (1980 में फैसलाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ 235 और मार्क टेलर (1998 में पेशावर में पाकिस्तान के खिलाफ 334 नाबाद) हैं।

अंडर-19 विश्व कपः

सेमीफाइनल में भारत का पलड़ा इंग्लैंड पर भारी

कुआलालंपुर, एजेंसी। भारतीय टीम अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ उतरेगी तो टूर्नामेंट का अपना अपराजेय अभियान जारी रखना उसका लक्ष्य होगा। पहले मैच में मेजबान मलेशिया को दस विकेट से हराने के बाद भारत ने श्रीलंका को 60 रन से और बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया। वहीं सुपर सिक्स चरण में स्कॉटलैंड को 150 रन से मात दी।

निक्की प्रसाद की कप्तानी वाली टीम के लिए स्कॉटलैंड के खिलाफ जी तृषा ने 59 गेंद में 110 रन बनाए जिसमें 13 चौके और चार छक्के शामिल थे। वहीं उनकी सलामी जोड़ीदार जी कमलिनी ने 42 गेंद में 51 रन की पारी खेली। तृषा टूर्नामेंट में पांच मैचों में 76.66 की औसत से 230 रन बना चुकी है। इंग्लैंड की बल्लेबाज डेविना पेरिन 131 रन बनाकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने स्कॉटलैंड को सिर्फ 58 रन पर आउट कर दिया था। आयुषी शुक्ला ने आठ रन देकर चार, वैष्णवी शर्मा ने पांच रन देकर तीन और तृषा ने छह रन देकर तीन विकेट लिए। वैष्णवी अब तक 12 और आयुषी दस विकेट ले चुकी हैं।

टीमें:

भारतः निक्की प्रसाद (कप्तान), सानिया शाल्के, जी तृषा, जी कमलिनी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवासरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारूनिका सिसोदिया, केसरी धृति, आयुषी शुक्ला, अनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस।

इंग्लैंडः एबी नोरग्रोव (कप्तान), फीबी ब्रेट, ओलिविया ब्रिसडेन, टिली कोर्टीन कोलमैन, टूडी जॉनसन, कैटी जोंस, चार्लोस लैम्बार्ट, इव ओनील, डेविना पेरिन, जेमिमा स्पेंस, चार्लोट स्टब्स, अमृता सुरेनकुमार, पृषा थानावाला, एरिन थॉमस, ग्रेस थाम्पसन।

जेरी होलनेस भारतीय महिला 400 मीटर टीम के कोच बने

ओलंपिक चैंपियन एलेन के मेंटर रह चुके

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने कहा, होलनेस तिरुवनंतपुरम में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र से जुड़ गए हैं। वह विश्व एथलेटिक्स के लेवल 5 के बहुत ही अनुभवी कोच हैं।

कई ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक विजेता एलेन थॉम्पसन और नेस्टा कार्टर जैसे एथलीट का मार्गदर्शन करने वाले जमैका के मशहूर एथलेटिक्स कोच जेरी ली होलनेस को भारतीय महिला 400 मीटर टीम के कोच की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस साल कई महत्वपूर्ण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी जिसे देखते हुए होलनेस को नियुक्त किया गया। वह सोमवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में 'लक्ष्मीबाई नेशनल कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन' में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र से जुड़ गए।

भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने कहा,

होलनेस तिरुवनंतपुरम में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र से जुड़ गए हैं। वह विश्व एथलेटिक्स के लेवल 5 के बहुत ही अनुभवी कोच हैं। उन्होंने जमैका में कुछ बेहतरीन एथलीट को कोचिंग दी है जिसमें ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता शामिल हैं। वह भारतीय महिला 400 मीटर और 400 मीटर बाधा दौड़ टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे जो इस समय तिरुवनंतपुरम में है। होलनेस का कार्यकाल शुरु में 2026 तक हागा और उनके प्रदर्शन के आधार पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है। वह तिरुवनंतपुरम में हिमा दास, सुभा वेंकटेसन रूपल, किरण पहल और विथ्या रामराज जैसी एथलीट को कोचिंग देंगे। जमैका के 65 साल के होलनेस इस तरह स्टाशुक वालेरी की जगह लेंगे जो पेरिस ओलंपिक तक महिलाओं की 400 मीटर और 400 मीटर बाधा दौड़ के कोच थे।

परीक्षाओं के दृष्टिगत स्पीकर, डीजे वालों का करें समय निर्धारित

केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत भू-अर्जन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करें : अपर मुख्य सचिव

ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल संकट का निराकरण समय के पूर्व करें

पन्ना। स्कूल की मुख्य परीक्षाओं को देखते हुए स्पीकर, डीजे बजाने वालों का समय निर्धारित करें। गेहूं उपार्जन की तैयारी पूर्व से ही सुनिश्चित करें। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल संकट का निराकरण भी समय के पूर्व किया जाए। साथ ही सीएम राइज विद्यालय में बिजली, सड़क, पानी की सुविधा सुनिश्चित कराएं, जल जीवन मिशन अंतर्गत सड़कों का रेस्टोरेशन अभियान के रूप में हो एवं सभी कलेक्टर स्कूल बसों की सघन जांच कराएं। साथ ही केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत भू-अर्जन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करें। उक्त निर्देश अपर मुख्य सचिव एवं सागर संभाग के प्रभारी सचिव एस.एन. मिश्रा ने सागर संभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सागर में दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों सहित संभाग आयुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत, रेंज डीआईजी, अपर कलेक्टर पन्ना नीलाम्बर मिश्र, पुलिस अधीक्षक सहित समस्त संभागीय एवं जिला अधिकारी भी उपस्थित थे।

अपर मुख्य सचिव श्री मिश्रा ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र में पानी की कुल आवश्यकता का आंकलन किया जाए, जहां भी पेयजल संकट उत्पन्न होता है वहां अभी से कार्य योजना तैयार करें और निराकरण करें जिससे पेयजल संकट उत्पन्न न हो। उन्होंने कहां कि आने वाले समय में गेहूं उपार्जन का कार्य होगा। सभी गेहूं उपार्जन केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों एवं बारदाना की मांग आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि संभाग में कहीं भी ट्रांसफार्मर खराब नहीं होना चाहिए और यदि खराब होता है तो उसको दो दिवस में बदला जाए। श्री मिश्रा ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों से समन्वय के साथ कार्य करें, जिससे कि कानून व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार हैंडपंप खनन का कार्य भी जनप्रतिनिधियों के समन्वय के साथ करें। श्री मिश्रा ने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रहना चाहिए एवं मुख्य सड़कों, नालों पर कहीं भी अतिक्रमण न हो यह भी सुनिश्चित किया जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सतत निरीक्षण करें।

अपर मुख्य सचिव श्री मिश्रा ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त सड़कों का रेस्टोरेशन कार्य त्वरित गति से किया जाए। रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण रूप से ठेकेदार की जिम्मेदारी है, जिसे अभियान के रूप में किया जाए। आवश्यकता पड़ने पर सभी कलेक्टर्स इस पर सख्ती से कार्यवाही करें। उन्होंने संभाग के सभी जिलों में स्कूल की बसों की सघन जांच कराए जाने के भी निर्देश भी दिए इसके अंतर्गत बसों का फिटनेस सर्टिफिकेट, आवश्यक परमिट लाइसेंस, बसों की समय सारणी, वे समय पर चल रहीं हैं अथवा नहीं, टिकट के उचित मूल्य आदि सभी बिंदुओं की जांच करने के निर्देश दिए हैं। इसी के साथ उन्होंने सभी कलेक्टर्स को नियमित रूप से जेल निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत विस्थापितों को समय से मुआवजा राशि मिले इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसके अतिरिक्त विस्थापन स्थल पर समस्त आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों यह भी सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने संभाग के सभी जिलों के एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत चुने गए उत्पादों की भी अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने अवैध शराब बिक्री पर रोक तथा निरंतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार खुले में मांस विक्रय पर सख्ती से कार्यवाही करने तथा उचित स्थान पर मांस विक्रय के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्देशानुसार उपयोग किया जाए, परीक्षा के समय छात्र-छात्राओं को परेशान न होना पड़े इसलिए डीजे आदि भी निर्धारित समय और ध्वनि के अनुसार उपयोग में लिये जाएं। इस संबंध में भी स्पष्ट निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने समीक्षा बैठक में पूर्व बैठकों का पालन प्रतिवेदन, जन कल्याण पर्व व अभियान की अद्यतन प्रगति, राजस्व महाअभियान-3 की अद्यतन प्रगति, केन-बेतवा लिंक परियोजना की अद्यतन प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर अपने-अपने जिलों में ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करें और उनको दूर करने की कार्रवाई करें। ब्लैक स्पॉट होने के कारण अनेक दुर्घटनाएं होती हैं, उनको तत्काल समाप्त किया जाए।

नगर परिषद अध्यक्ष देवेन्द्रनगर के पति सहित एक दर्जन जुआरी गिरफ्तार

पन्ना। पन्ना जिले में देवेन्द्रनगर थाना पुलिस ने जुआ फड़ पर छापामार कार्यवाही करते हुए 14 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में भाजपा नेता एवं नगर परिषद अध्यक्ष देवेन्द्रनगर के पति ललित गुप्ता, भाजयुमो नेता कृष्णा पाठक एवं सरकारी कर्मचारी समेत अन्य व्यक्ति शामिल हैं। पुलिस ने जुआरियों व जुआ फड़ से 11640 रुपये और ताश के 52 पत्ते जब्त कर पब्लिक गेम्बलिंग (मध्य प्रदेश) एक्ट 1976 की धारा 13। के तहत प्रकरण कायम किया है। जुआ खेलते हुए भाजपा नेताओं के पकड़े जाने की खबर आने के बाद से सत्ताधारी दल को शर्मिंदगी का झेलनी पड़ रही है। उधर, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी की यूथ विंग ने पकड़े गए नेताओं के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद वीडी शर्मा के साथ कुछ फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जमकर हमला बोला है। युवा कांग्रेस ने जुआ फड़ से गिरफ्तार नेताओं को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा (विष्णु दत्त शर्मा) का करीबी बताया साथ ही आरोप लगाया कि इन्हीं के संरक्षण में जुआ फड़ संचालित हो रहा था। इस घटनाक्रम को लेकर जिले में भाजपा संगठन के अंदर जबरदस्त हड़कंप मचा है। सत्ताधारी दल के कुछ नेता पुलिस की कार्यवाही से खासे नाराज बताए जा रहे हैं। मुखबिर से मिली सूचना पर की कार्यवाही देवेंद्रनगर थाना प्रभारी एवं निरीक्षक रामहर्ष सोनकर द्वारा मुखबिर की सूचना पर शनिवार 25 जनवरी की शाम हमराही पुलिस बल के साथ कस्बा में सलेहा रोड किनारे स्थित आशीष चाय वाले की दुकान के बगल में स्थित कमरे पर छापामार कार्यवाही की गई। कमरे के अंदर जमे जुआ फड़ पर दबिश देकर पुलिस ने 14 जुआरियों को ताश के पत्तों पर रुपयों से हार-जीत का दांव लगाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जुआ फड़ एवं आरोपियों के कब्जे से 11640 रुपये और ताश के 52 पत्ते जब्त किए है। पकड़े गए जुआरियों नगर परिषद अध्यक्ष देवेन्द्रनगर शिवांगी गुप्ता के पति एवं बीजेपी नेता ललित गुप्ता, कृष्णा पाठक पिता सज्जन पाठक 27 वर्ष, फतेह खान पिता होशियार खान 23 वर्ष, ऋषि सोनकर पिता छोटेलाल सोनकर 22 वर्ष, पुष्पेन्द्र जैन पिता स्व. महेन्द्र कुमार जैन 46 वर्ष, शहजान पिता शहजादे खान 21 वर्ष, राजेश जैन पिता छल्लू लाल जैन 38 वर्ष, आशू उर्फ अंकित शुक्ला पिता रामखिलावन शुक्ला 29 वर्ष, शिवजी मिश्रा पिता रमेश मिश्रा 29 वर्ष, नीलेश शुक्ला पिता रामायण शुक्ला 32 वर्ष, सोम शुक्ला पिता संतोष कुमार शुक्ला 29 वर्ष, आराध्य जैन पिता धन्य कुमार जैन 22 वर्ष, अरविन्द विश्वकर्मा पिता स्व. राजू विश्वकर्मा 23 वर्ष एवं विकाश गौतम पिता अभिमन्यु गौतम 32 वर्ष सभी निवासी देवेन्द्रनगर शामिल हैं। कोर्ट में उपस्थित होने का नोटिस देकर किया रिहा जुआ फड़ एवं जुआरियों के कब्जे से मिली राशि और ताश के पत्तों को पुलिस द्वारा गवाहों के समक्ष जब्त कर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण कायम किया गया। आरोपीगणों का कृत्य सात वर्ष से कम की सजा से दण्डनीय होने पर पुलिस ने धारा 35 (3) बीएनएसएस का नोटिस देकर नियत दिनांक को न्यायालय पन्ना में उपस्थित रहने हेतु पाबंद कर सभी को रिहा कर दिया।

परामर्शदाताओं के दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

पन्ना। म.प्र. जनअभियान परिषद एवं महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम के परामर्शदाताओं (मेंटर्स) की दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला 29-30 जनवरी 2025 का शुभारंभ जिला पंचायत सभाकक्ष पन्ना में हुआ। इस मौके पर संतोष यादव उपाध्यक्ष जिला पंचायत एवं दिनेश उमरैया म.प्र. जनअभियान परिषद संभाग सागर, पियूष मिश्रा परियोजना अधिकारी जिला पंचायत पन्ना, प्रमोद शुक्ला जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन व आनंद पाण्डेय जिला समन्वयक म.प्र. जनअभियान परिषद भी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि संतोष यादव द्वारा समाज के अंतिम व्यक्ति एवं शासन के मध्य समन्वयय हेतु इस पाठ्यक्रम को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। जिला समन्वयक द्वारा परिषद एवं विश्वविद्यालय का संक्षिप्त परिचय बताया गया। संभागीय समन्वयक द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम एवं सतत विकास लक्ष्य अवधारणा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया एवं परामर्शदाताओं के साथ संवाद किया गया। पियूष मिश्रा द्वारा समाज कार्य की अवधारणा एवं व्यवसायिक समाज कार्यकर्ता की भूमिका विषय पर परामर्शदाताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम दिवस के अंतिम सत्र में राममोहन तिवारी सहायक प्राध्यापक ने सम्पर्क कक्षा संचालन की पद्धति एवं सम्पर्क कक्षाओं को प्रभावी कैसे बनाया जाये, विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रशिक्षण उपरांत परामर्शदाताओं की जिज्ञासाओं का विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया।

मान्यता नवीनीकरण के लिए आवेदन अब 31 जनवरी तक

पन्ना। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शिक्षा पोर्टल पर प्राइवेट स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण के आवेदन की तिथि में वृद्धि की है। मान्यता नवीनीकरण के लिए अब 31 जनवरी तक निर्धारित शुल्क जमा करके आवेदन किया जा सकता है। इसके बाद 7 फरवरी तक पाँच हजार रुपए विलंब शुल्क के साथ आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इस संबंध में जिला परियोजना समन्वयक ने कहा है कि निर्धारित तिथि के बाद यदि कोई स्कूल बिना मान्यता के संचालित पाया जाता है तो शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधानों के तहत जुर्माना लगाया जाएगा।

हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

पन्ना। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी रोहित गुप्ता के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 31 मार्च 2023 को सुबह लगभग 08:30 बजे फरियादी भरत यादव अपनी भैंस को सुरही हार में चरा रहा था। सुरही हार में आस पास के खेत में अन्य लोग भी काम कर रहे थे तो हरदुआ का रानू उर्फ राहुल वाजपेयी अपने खेत में था जो फरियादी भरत यादव को देखकर मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देकर बोला कि मेरे खेत में भैंसों को क्यों चरा रहा है। इस पर फरियादी ने कहा कि मैं तुम्हारे खेत में भैस नहीं चरा रहा हूं तो रानू वाजपेयी ने जान से मारने की नियत से हाथ में लिए बंदूक से गोली चला दी जो फरियादी भरत यादव के दोनों पैरों की जांघों में लगी जिससे खून निकलने लगा वह जमीन पर गिर गया। गोली चलने की आवाज सुनकर फरियादी के परिवार के लोग आ गए. जिन्होंने फरियादी भरत यादव को उठाया और इलाज के लिए हरदुआ गांव की तरफ ले जा रहे थे तभी रास्ते में अभियुक्त रानू उर्फ राहुल वाजपेयी ने अपने घर की छत पर खड़े होकर जान से मारने की नियत से बंदूक से फायर किया जिससे जितेन्द्र पिता लाखन की पिंडली व पंजे में, जितेन्द्र पिता भूरी के बांए पंजे, जांघ में, पूरन यादव के पैर व सीने में प्रताप यादव के सीने में, आनंद यादव के दाहिने पैर में, राघवेन्द्र यादव के सिर में पीछे तरफ, संजीत यादव के दोनों पैरों की पिंडली में गोली के छर्रे लगे, जिससे वे घायल हो गए। गोली चलने की आवाज सुनकर मौके पर सुरेन्द्र यादव, छोटू यादव और बृजेन्द्र यादव आ गए जिन्होंने घटना देखी और सभी घायलों को बोलेरो गाड़ी से इलाज के लिए जिला अस्पताल पन्ना लाए, रास्ते में फरियादी के पिता पूरन यादव की मृत्यु हो गयी। सभी घायलों को जिला अस्पताल पन्ना में इलाज हेतु लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा पूरन यादव को मृत घोषित बताया गया। थाना कोतवाली पन्ना में देहाती नालसी एवं मर्ग इंटीमेशन लेखबद्ध की गयी। माननीय न्यायालय श्रीमान सुरेन्द्र मेश्राम, द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी संदीप कुमार पाण्डेय एवं वरिष्ठ सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी दिनेश खरे द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी- रानू उर्फ राहुल बाजपेयी के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया।

जेके सीमेंट प्लांट द्वारा महिलाओं के लिए सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्रों का किया शुभारंभ

पन्ना। जेके सीमेंट पन्ना सीएसआर के तहत ग्राम पुरैना और कमताना में लोक कल्याण भूमिका समिति के सहयोग से महिलाओं के लिए सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्रों का भव्य उद्घाटन किया गया। यह पहल स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके कौशल विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का आयोजन यूनिट हेड कपिल अग्रवाल और एचआर हेड अवनीश कुमार गौतम के मार्गदर्शन में किया गया। इन दोनों प्रशिक्षण केंद्रों का उद्घाटन सीएसआर इंडिया हेड श्रीमती शिल्पा जायसवाल एवं सीएसआर हेड मनीष कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम कमताना के सरपंच सुखदेव लोधी, अनिल पांडे, रामदास प्यासी, तथा लोक कल्याण भूमिका समिति से नरेंद्र शर्मा एवं श्रीमती रेखा उपस्थित रहे। इसके अलावा, सीएसआर टीम के श्रीमती साधना गुप्ता और राकेश चौरसिया ने भी इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम इन प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से महिलाओं को सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी और अपने परिवारों की आजीविका में योगदान कर सकेंगी। जेके सीमेंट का यह प्रयास ग्रामीण महिलाओं को हुनरमंद बनाकर स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा। स्थानीय नेतृत्व और सामुदायिक सहयोग का महत्वपूर्ण योगदान इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए इस पहल की सराहना की।

प्रधानमंत्री, ग्रहमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर व्यवस्था कराये जाने की मांग

पन्ना। पन्ना नगर के आराध्य भगवान श्री जुगल किशोर के महंत राजेश्वरानंद जू एडवोकेट राजेश दीक्षित द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पन्ना कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंप कर महाकुंभ प्रयागराज में स्नान हेतु व्यवस्था की मांग उठाई गई है। ज्ञापन के माध्यम से महंत पंडित राजेश्वरानंद जू एडवोकेट राजेश दीक्षित ने कहा है कि महाकुंभ 2025 प्रयागराज में संगम तट पर स्नान हेतु महंत योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं गोरक्षापीठाधीश्वर गोरक्षापीठ से सम्पर्क नहीं हो पाने के कारण महंत पंडित राजेश्वरानन्द जू, महंत मंदिर ठाकुर श्री जुगल किशोर जू, पन्ना म.प्र., ठाकुर श्री जुगल किशोर जू पन्ना के भक्तो अनुयायियों के साथ प्रयागराज संगम तट पर स्नान हेतु पहुच नहीं पा रहे हैं।

स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में त्रि-द्विवसीय सीआरई कार्यशाला का अयोजन

पन्ना। श्री राम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाज उत्थान समिति द्वारा संचालित जिले के सर्वोच्चकृष्ट संस्थान स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय पन्ना में 29 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक त्रिदिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस तीन दिवसीय कार्यशाला में प्रथम दिवस मुख्य अतिथि के रूप में डॉ सौरभ अग्रवाल (प्राचार्य) स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय पन्ना एवं विशिष्ट अतिथि दिनेश प्रताप सिंह उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया गया। इस दौरान कुमारी रीमा द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक अनुकूलन का परिचय और दिव्यांगता के प्रति परिवार के लोगों को जागरूकता के बारे में बताया गया एवं रिसोर्स पर्सन नीलेश ने छात्रों को दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक अनुकूलन के उद्देश्य और महत्व को पी पी टी के माध्यम से व्याख्या एवं चर्चा की गई। तत्पश्चात् रिसोर्स पर्सन कु प्रतिभा वर्मा द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक अनुकूलन एवं परिमार्जन की चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और रिसोर्स पर्सन आलोक कुमार द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक परिमार्जन के संबंध मे बताया।

नगर पालिका की लापरवाही के चलते बाईपास रोड पर खुले में डाला जा रहा कचरा

पन्ना। पन्ना नगर पालिका द्वारा लगातार लापरवाही बढ़ती जा रही है तथा प्रमुख सड़क बाईपास रोड के बगल में खुले में जहरीला कचरा डाला जा रहा है, उक्त कचरा को सैकड़ो गो वंश खा रही है, जिससे उनकी मौत हो रहीं है। कचरा डालने वाले स्थान पर एक दर्जन गायें मृत अवस्था मे पड़ी हुई है तथा उक्त मृत मवेशियों की बदबू भी चारो तरफ फैल रही है, जबकी उक्त स्थान के करीब सीएम राईस विद्यालय स्थित है जिसमें हजारो बच्चे अध्ययन कर रहे है, उनके उपर भी उक्त जहरीली बदबू का असर पड़ रहा है, इसके अलावा आस पास मे रह रहे लोग भी दुर्गंध एंव बदबू से परेशान है, लगातार लोगो द्वारा कचरा अन्य स्थान पर डालने की मांग की जा रही है, लेकिन नगर पालिका द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जबकी आज से पन्द्रह वर्ष पूर्व सकरिया बहेरा के पास नगर पालिका द्वारा 35 लाख की लागत से कचरा संग्रहण केन्द्र बनाया गया था, जिसमें नगर का कचरा डालकर उसका निपटान किया जाये, इसके लिए कचरा निपटाने की मशीने भी लगाने का निर्णय भी लिया गया था, लेकिन वहां पर कचरा न डालकर बाईपास रोड़ पर ही कचरा फैलाया जा रहा हैं, स्थानीय लोगो ने जिला कलेक्टर से कार्यवाही की मांग की है।

छतिग्रस्त आयुष विभाग के भवन का प्रभारी मंत्री से विभागीय अधिकारियों ने करा दिया लोकापर्ण

भवन को देखकर नाराज हुए थे प्रभारी मंत्री, जगह-जगह पर छतिग्रस्त है नया भवन

पन्ना। आयुष विभाग के नवनिर्मित भवन का लोकापर्ण जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार के मुख्य अतिथ्यि में तथा क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह गुनौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश वर्मा तथा अन्य जन प्रतिनिधि एवं जिले के प्रशासनिक अधिकारीयो की उपस्थिती में किया गया। लेकिन उक्त भवन पूर्व से ही अनेक स्थानो पर छतिग्रस्त देखा गया है, भवन की बीमो से लेकर फर्स एवं अन्य स्थानो में काफी नुकसान हुआ है, लेकिन भवन निर्माण में घटिया मटेरियल का उपयोग किया गया है, आयुष विभाग द्वारा उक्त भवन का ठेकेदार राजेन्द्र सिंह बिहारी को दिया गया था, तथा शासकीय एजेन्सी के तौर पर मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड कारपोरेशन द्वारा सुपरवीजन किया गया, भारी भरकम एक करोड़ की राशि खर्च होने के बावजूद उक्त भवन अनेक स्थानो पर डेमेज एवं छतिग्रस्त देखा जा रहा है, जिसका मुख्य कारण पन्ना जिले के राजनैतिक शुन्यता तथा प्रशासन एवं विभागीय अधिकारीयो के भ्रष्टाचार का नमुना है, सरकार द्वारा अनेक विकास एवं निर्माण कार्यो के लिए करोड़ो रूपये खर्च किये जा रहे है लेकिन उसके बावजूद जिन लोगो को निर्माण की जिम्मेवारी दी जाती है, वहीं घटिया एवं अमानक रूप से निर्माण कार्य कराते है तथा इसी प्रकार से संबंधित विभाग को साठ गाठ कर भवन को संबंधित विभाग को हस्तान्तरित कर देते है, यह एक भवन का घटिया निर्माण नहीं है, इस प्रकार के अनेक विभागो के भवन बाहरी ठेकेदारो एवं एजेन्सीयों द्वारा बनाये जा रहे है, जो घटिया एवं भ्रष्ट तरीके से निर्मित किये जा रहे है। गौरतलब है कि कार्य लेने के समय ठेकेदारो मे आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते निर्माण कार्य विलो रेट मे ले लिये जाते है, बाद में मनमाने ढंग से निर्माण करके संबंधित विभागो के अधिकारीयो से साठ गाठ कर भवन हस्तानान्तरित करा दिये जाते है, इसी का परिणाम है के उक्त करोड़ो की राशि से बनने वाले भवन कुछ ही दिनो मे धराशाही हो जाते है। स्थानीय लोगो ने संबंधित मामले में दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

इनका कहना है

संबंधित भवन का निर्माण हमारे द्वारा गुणवत्ता युक्त तरीका से किया गया है, कुछ जो कमी है, उनको हम भविष्य मे पूरा करेगें, पांच वर्ष की गारन्टी संबंधित एजेन्सी की रहती है, जिसका हम पालन करेगें।

संदीप यादव सहायक यंत्री मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड कैंप पन्ना

संबंधित भवन निर्माण मे काफी घटिया कार्य कराया गया है, जिसके संबंध में हमारे द्वारा समय समय में विभाग के वरिष्ठ अधिकारीयों एवं निर्माण एजेन्सी को पत्राचार भी किया गया, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया, एजेन्सी द्वारा कहा जा रहा है कि जो काम सही नहीं है उसको हम तोड़ करके सहीं करेगें, भवन हस्तानान्तरित करके उद्घाटन भी हो गया है, आगें हमारा कार्यालय वहीं संचालित होगा।

आर के वर्मा जिला आयुष अधिकारी जिला पन्ना

सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शुक्रवार 31 जनवरी 2025 | 8

शहीदों की स्मृति में कमिश्नर कार्यालय में प्रातः 11 बजे दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कमिश्नर बी.एस. जामोद सहित कमिश्नर कार्यालय में अधिकारियों कर्मचारियों ने सायरन बजते ही दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

विकसित भारत और संकल्पित भारत की अभिव्यक्ति का माध्यम बनी प्रदर्शनी

मेगा प्रदर्शनी का हुआ समापन

रीवा। स्थानीय मार्तण्ड स्कूल प्रांगण में तीन दिवसीय यशस्वी भारत मेगा प्रदर्शनी के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मनगवां विधायक इंजी.नरेंद्र प्रजापति ने कहा कि विकसित भारत और संकल्पित भारत की अभिव्यक्ति का माध्यम बनकर मेगा प्रदर्शनी ने युवाओं के कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश 2047 से पूर्व ही विकसित राष्ट्र बनाने की ओर आगे बढ़ रहा है। प्रदर्शनी के माध्यम से हमारे युवाओं में नवाचार और किसानों में जागृत हो रही नई तकनीक का समागम देखने को मिला। विधायक ने प्रदर्शनी के सभी स्टालों का अवलोकन कर सृजनात्मक कार्यों की प्रशंसा की।

भाजपा रीवा जिला अध्यक्ष श्री वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि आज हम विकास की नई ऊंचाइयों पर खड़े हैं। रीवा विश्वस्तरीय सड़कों का जाल है। रेलवे कनेक्टिविटी से हम पूरे देश से जुड़ चुके हैं। हम वैभवशाली भारत बनाने की राह पर चल रहे हैं। यह प्रदर्शनी हमें पुरातन और विज्ञान दोनों की शक्ति से अवगत कराने वाली प्रेरणादाई साबित हुई है। नगर निगम के अध्यक्ष व्यंकटेश पांडे ने अपने विचार रखते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी ने युवाओं में उत्साह का निर्माण किया है। बड़ी संख्या में युवा इस प्रदर्शनी को लेकर उत्साहित नजर आ रहे है। विज्ञान के साथ देश की प्रगति और वैभव की अनुभूति हुई। प्रदर्शनी में गोपाल तिवारी, योगेंद्र शुक्ला, कबीर मिश्रा, आनंद सिंह, हिमांशु गुप्ता, विवेक पांडे, सतीश सोनी, भूपेंद्र सिंह, संजीव शुक्ला, राजीव खंडेलवाल, जेपी यादव सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समापन अवसर पर जिले के किसान संत कुमार सिंह, हरिओम विश्वकर्मा, सुरेंद्र वर्मा, परमसुख चौरसिया, पुष्पेंद्र, एरिक स्वामी, असलम खान, सुधाकर तिवारी, एमके धौलपुरी को सम्मानित किया गया।

बेस्ट इंटरॅक्टिव्ह स्टॉल स्टेट बँक ऑफ इंडिया, बेस्ट इन्फॉर्मेशन स्टॉल ए व्ही एन एल, बेस्ट स्टॉल इन फायनान्शियल एज्युकेशन रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, बेस्ट स्टॉल इन स्प्रिंग अवेयरनेस अबाउट वॉटर कंजर्वेशन मिनिस्ट्री ऑफ जनशक्ती, बेस्ट स्टॉल इन अवेअरनेस अबाउट मेडिकल रिसर्च इंडियन कौन्सिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आय सी एम आर, बेस्ट स्टॉल इन एग्रीकल्चरल रिसर्च- इंडियन कौन्सिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च, बेस्ट स्टॉल इन ऍनिमल हसबंडरी- सेंट्रल पोल्ट्री डेव्हलपमेंट ऑर्गनायझेशन, बेस्ट स्टॉल इन प्रमोटिंग इको फ्रेंडली प्रॉडक्ट - सिक्किम बांबू, बेस्ट स्टॉल इन्स्ट्रिडिंग अवेअरनेस अबाउट एन्व्हायरमेंट अँड बायोडायव्हर्सिटी कन्सर्वेशन - मध्यप्रदेश स्टेट बायोडायव्हर्सिटी बोर्ड, सेंट्रल पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड, बेस्ट स्टॉल इन एज्युकेशन सेक्टर- नॅशनल कौन्सिल ऑफ एज्युकेशनल रिसर्च अँड ट्रेनिंग, बेस्ट स्टॉल इन एग्रीकल्चर अँड सीड डेव्हलपमेंट- प्रोटेक्शन ऑफ प्लांट वरायटीज अँड फार्मर्स राईट अथोरिटी, बेस्ट स्टॉल इन प्रोमोटिंग होमिओपॅथिक रिसर्च - सेंट्रल कौन्सिल फॉर रिसर्च इन होमिओपॅथी, बेस्ट स्टॉल इन कंज्यूमर अवेअरनेस-ऑफ ऑफ इंडियन स्टॅंडर्ड शाहिद स्लॉट में उपस्थित जनों का विशिष्ट तिथियां के द्वारा समापन समारोह में स्मृति चिन्ह देकर सबको सम्मानित किया गया।

एमपी टॉस पोर्टल में छात्रवृत्ति व आवास सहायता के आवेदन ऑनलाइन दर्ज कराने की तिथि निर्धारित

रीवा

एमपी टॉस पोर्टल में वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 तथा वर्ष 2024-25 के अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति व आवास सहायता के आवेदन दर्ज कराने के निर्देश दिये गये हैं। एमपीटास पोर्टल एवं एनआईसी 2.0 के पीएमएस माडयूल का वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 का पोर्टल 31 जनवरी तक तथा वर्ष 2024-25 में छात्रवृत्ति व आवास सहायता हेतु पोर्टल 31 मार्च तक खोला गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय के प्रमुखों को निर्देश दिये हैं कि छात्रों को सूचित कर लंबित छात्रवृत्ति के आवेदन फीड करायें। छात्रवृत्ति व आवास सहायता के प्रकरण लंबित रहने पर संबंधितों की जिम्मेदारी तय की जायेगी।

महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिये करें समुचित प्रबन्ध : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने जापान के कोबे से मुख्य सचिव एवं कमिश्नर रीवा को दूरभाष पर दिये निर्देश

रीवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रयागराज में हुई भगदड़ को ध्यान में रखते हुए मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन और रीवा संभाग के आयुक्त श्री बीएस जामोद से दूरभाष पर बातचीत की। उन्होंने मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा से महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित और प्रभावी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुंभ में एक दुखद घटना हुई, जिसमें कई श्रद्धालु काल के गाल में समा गये। परमात्मा उन सभी दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की दुर्घटना में मध्यप्रदेश के भी कुछ श्रद्धालुओं की मृत्यु की जानकारी मिली है। उन्होंने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने निर्देश दिये कि मध्यप्रदेश बार्डर में श्रद्धालुओं के खाने, पानी तथा रूकने एवं चिकित्सा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

रीवा मार्ग से प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की सेवा में प्रशासन पूरी तत्परता से कार्यरत : उप मुख्यमंत्री

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रयागराज में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने रीवा मार्ग से प्रयागराज जा रहे सभी श्रद्धालुओं से संयम बनाए रखने की विनम्र अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन उनकी सेवा में पूरी तत्परता से कार्यरत है और हर संभव मदद प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जापान यात्रा के दौरान लगातार प्रशासन से संपर्क में हैं। प्रयागराज महाकुंभ में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के संदर्भ में उनसे विस्तृत चर्चा की। उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से श्रद्धालुओं को हर संभव सहायता और सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्थानीय प्रशासन एवं सामान्य जनों के सहयोग से व्यवस्थाओं का सुचारू संचालन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार इस स्थिति को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है और महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं की हर समस्या का समाधान करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा है कि वे लगातार स्थानीय प्रशासन से सीधे संपर्क में हैं और स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं एवं सहायता प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

रीवा। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा द्वारा प्रियंका महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित वार्ड क्रमांक 30 रीवा के लिए बी.एल. कनौजी, महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित वार्ड क्रमांक 31 तरहटी रीवा के लिये अम्बरीष देव, अन्नपूर्णा प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित वार्ड क्रमांक 39 रीवा के लिये एम.एल. साकेत, महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित वार्ड क्रमांक 32 रीवा के लिये के.एस. मरावी को संचालक मंडल के सदस्यों व अन्य पदाधिकारियों को अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

समर्थन मूल्य पर 54915 किसानों से खरीदी गई 3483042 क्विंटल धान

कलेक्टर ने परिवहन के लिए शेष रह गई धान के उठाव के दिए निर्देश

रीवा

किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए पंजीकृत किसानों से जिले भर में बनाये गये 95 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया गया। जिले में 54915 पंजीकृत किसानों से 3483042 क्विंटल धान की खरीद की गई। उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर ने परिवहन के लिए शेष रह गई धान के तत्काल उठाव के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को उपार्जित धान का भुगतान कराया जाना सुनिश्चित करें तथा जिन किसानों के भुगतान की राशि में रूकावट आ रही है उनका तत्काल भुगतान कराएं। उन्होंने गोदाम स्तरीय समितियों में खाद्यान्न का मिलान कराकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए तथा कहा कि पाई गई कम पात्रा की संबंधितों से वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि खरीदी के लिए किसानों को 801 करोड़ 9 लाख 98 हजार 293 रूपये मंजूर किये जा चुके हैं। अब तक 34 लाख 74 हजार 640 क्विंटल धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कर दिया गया है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 742 करोड़ 93 लाख 63 हजार 399 रुपए जारी किए जा चुके हैं।

अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ फील्ड ट्रिप

रीवा। नेहरू युवा केंद्र रीवा के द्वारा माय भारत रीवा के तत्वाधान में 5 दिवसीय अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत हरदा जिले के 25 युवाओं का आगमन रीवा में हुआ है । कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को फील्ड ट्रिप पर ले जाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हरदा के युवाओं को रीवा की कला एवं संस्कृति से परिचय कराना है। फील्ड ट्रिप के अंतर्गत युवाओं को सर्वप्रथम मुकुंदपुर टाइगर रिजर्व ले जाया गया जहां युवाओं द्वारा पहली बार व्हाइट टाइगर की झलक देखी गई एवं अन्य जीव जंतु देखा गया। इसे पश्चात युवाओं को बीहर रीवा फ्रंट ले जाया गया। दूसरे दिवस के फील्ड ट्रिप के अंतर्गत युवाओं को सांसद आवास ले जाया गया जहां उनकी भेंट माननीय रीवा सांसद श्री जनार्दन मिश्र से हुई। रीवा सांसद द्वारा युवाओं को बघेल संस्कृति एवं बघेली भाषा की जानकारी युवाओं को दी गई । युवाओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेट कर सांसद रीवा का आभार जताया गया । सांसद आवास के पश्चात युवाओं द्वारा सैनिक स्कूल रीवा, मार्टंड क्रम 3 में लगी विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनी में भाग लिया गया। युवाओं के द्वारा चिरौहुला मंदिर का भी दर्शन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए श्री कुलदीप सिंह जिला युवा अधिकारी रीवा द्वारा बताया गया की इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दोनो जिला के युवाओं का आपसी विचार संस्कृति एवं कला का आदान प्रदान है। कार्यक्रम में महेश प्रसाद द्विवेदी लेखापाल एवं कार्यक्रम सहायक, राजलाल दहिया, निखिल, आंचल, टीम लीडर नीलेश, दिनेश परिहार आदि की उपस्थिति रही।

कमिश्नर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आज

रीवा। संभागीय समीक्षा बैठक 31 जनवरी को कमिश्नर कार्यालय सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित की गयी है। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण तथा विभागीय कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक में जनवरी माह में सेवानिवृत्त होने वाले संभागीय अधिकारियों को विदाई दी जाएगी। सभी संभागीय अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

शहीदों की स्मृति में रखा गया मौन

रीवा। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस पर कलेक्टर कार्यालय में दो मिनट का मौन रखा गया। संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, जिला ई-गवर्नेंस मैनेजर आशीष दुबे, जिला प्रबंधक लोक सेवा रविकांत पाण्डेय सहित कलेक्टर कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों ने मौन धारणकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके अतिरिक्त संपूर्ण जिले में दो मिनट के लिये गतिविधियों को रोक कर मौन धारण कर शहीदों का स्मरण किया गया।

खनि रियायत स्वीकृति संबंधी बैठक 6 फरवरी को

रीवा। वन सीमा से 250 मीटर परिधि में आने वाली भूमियों के खनि रियायत में स्वीकृति के संबंध में बैठक 6 फरवरी को आहूत की गई है। कमिश्नर रीवा संभाग बी.एस. जामोद की अध्यक्षता में कमिश्नर कार्यालय में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित बैठक में सिंगरौली जिले से प्राप्त खनि पट्टा एवं आपत्ति प्रमाण पत्र स्वीकृति पर चर्चा की जायेगी। बैठक में मुख्य वन संरक्षक, कलेक्टर सिंगरौली, वन मण्डलाधिकारी सिंगरौली तथा जिला खनिज अधिकारी सिंगरौली उपस्थित रहेंगे।

कंदैला ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना से घर-घर पहुंच रहा स्वच्छ जल

उपभोक्ता जलकर की राशि का कर रहे हैं भुगतान

रीवा। मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा संचालित कंदैला ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना से घर-घर में स्वच्छ पानी पहुंच रहा है। परियोजना के तहत चार विकासखण्डों के 109 ग्राम पंचायतों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है और उपभोक्ता जलकर की राशि का प्रतिमाह भुगतान भी कर रहे हैं। महाप्रबंधक जल निगम चित्रांशु से प्राप्त जानकारी के अनुसार 109 ग्राम पंचायतों में से 34 ग्राम पंचायतों के 70 ग्रामों द्वारा नवीन कनेक्शन, सुरक्षा निधि तथा जलकर राशि के तौर पर 18 लाख 13 हजार दो सौ रूपये जमा कराये गये हैं। ग्राम पंचायत महसुआ, हरिहरपुर, सगरा, रौरा तथा खरहरी द्वारा लगभग एक लाख रूपये से अधिक की राशि जलकर के रूप में ग्राम जल स्वच्छता तदर्थ समिति में जमा कराई गई है। अपने घर में नल के माध्यम से स्वच्छ व मीठा शुद्ध जल पाकर ग्रामवासी प्रसन्न है। वह कहते हैं कि अब न तो चाय खराब होती और नही पेट जिससे बीमारियाँ भी कम होंगी।

जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी की संचालक मंडल की बैठक संपन्न

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी की संचालक मंडल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्ट्रेट के संपूर्ण परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीव्ही लगाने जाने का अनुमोदन किया गया।

केन्द्रीय जेल में महात्मा गांधीजी की पुण्यतिथि पर मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन संपन्न

रीवा। केन्द्रीय जेल में महात्मा गांधीजी की पुण्यतिथि के अवसर पर मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया गया। युवाओं तथा समाज के सभी वर्गो में बढती हुई मद्यपान, मादक पदार्थ एवं मादक द्रव्यों के सेवन की नशा प्रवृत्ति की रोकथाम तथा इनसे होने वाले दुष्परिणामों से युवाओं और समाज को अवगत कराने के उद्देश्य से बंदी राजेन्द्र केवट, राजाराम यादव, राधे यादव तथा धनीराम कोल द्वारा नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया गया। बंदी शाहिल अली द्वारा शराब के नशे से होने वाले व्यक्तिगत तथा सामाजिक नुकसान पर मार्मिक कविता की प्रस्तुति दी गई । जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय द्वारा बंदियों को जेल के अंदर अथवा बाहर किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने एवं उनका सेवन ना करने की समझाइश दी गई। नशे से दूर रहने हेतु स्टाफ व बंदीजनों को सामूहिक शपथ इस अवसर पर दिलाई गई। कार्यक्रम में उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले, योगेश पमार, भागीरथ सौर, डॉक्टर पीयूष निगम, विवेक मार्य प्रियंका धाकड, राजेश शुक्ला, राजीव तिवारी, स्वदीप सिंह, उपेन्द्र द्विवेदी, रतन गौतम द्वारा विशेष योगदान दिया गया।

प्राइवेट स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण अंतिम तिथि आज

रीवा। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शिक्षा पोर्टल पर प्राइवेट स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण के लिये 31 जनवरी तक निर्धारित शुल्क जमा करके आवेदन किया जा सकता है। इसके बाद 7 फरवरी तक पाँच हजार रुपए विलंब शुल्क के साथ आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इस संबंध में जिला परियोजना समन्वयक एलआर दीपांकर ने कहा है कि सभी बीआरसी स्कूलों का भौतिक निरीक्षण करके स्पष्ट अभिमत के साथ मान्यता के आवेदन की अनुसंशा करें। निर्धारित तिथि के बाद यदि कोई स्कूल बिना मान्यता के संचालित पाया जाता है तो शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधानों के तहत एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

खेल प्रतियोगिता में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की सूची तत्काल उपलब्ध कराएं : डीईओ

रीवा। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने राज्य, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की सूची तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रीवा और मऊगंज जिले के सभी शासकीय तथा अशासकीय हायर सेकेंडरी और हाई स्कूल के प्राचार्यों को स्मरण पत्र जारी किया है। जारी पत्र में कहा गया है कि चालू शैक्षणिक सत्र में अध्ययनरत तथा खेल प्रतियोगिताओं में शामिल होने वाले कक्षा 10वीं तथा 12वीं के विद्यार्थियों की सूची अविलंब उपलब्ध कराएं। राज्य, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिता में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को बोनस अंक प्रदान किए जाते हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 10वीं एवं 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं फरवरी और मार्च माह में आयोजित की जा रही हैं। परीक्षा के बाद संबंधित विद्यार्थियों की अंकसूचियों में बोनस अंक प्रदान किए जाते हैं। पूर्व में दिए गए निर्देश पर प्राचार्यों द्वारा अभी तक खेल प्रतियोगिता में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की सूची उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिसके करण माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल को जानकारी नहीं भेजी जा सकी है। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि खेल प्रतियोगिताओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की सूची निर्धारित प्रपत्र में अलग-अलग तैयार कर हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे एकजाई जानकारी समय सीमा में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल को भेजी जा सके।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833